दैनिक हिन्दी अख़बार

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

# सच बेधड़क

वर्ष: 3 । अंक: 218 जयपुर, बुधवार, 17 जुलाई, 2024 । आषाढ़, शुक्ल पक्ष- एकादशी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### केंद्र ने नीति आयोग का किया पुनर्गठन



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन किया है। इसमें कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पदेन सदस्य बनाया है। अन्य पदेन सदस्य रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके अध्यक्ष हैं, वहीं सुमन के. बेरी नीति आयोग के उपाध्यक्ष हैं। इसके पूर्णकालिक सदस्यों में डॉ.वीके सारस्वत, प्रोफेसर रमेश चंद्र, डॉ. वीके पॉल और अरविंद वीरमानी शामिल हैं। परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, एच डी कुमारस्वामी और जीतन राम मांझी बतौर विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल किए गए हैं।

### आईसीयू में एडमिट हुए CM भजनलाल शर्मा के पिता



**जयपुर/भरतपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पिता किशनलाल शर्मा मंगलवार को भरतपुर स्थित आवास के बाथरूम में फिसल गए। बाथरूम में फिसलने की वजह से सीएम के पिता की पसलियों में चोट लगी है। उन्हें तुरंत एम्बुलेंस की मदद से आरबीएम अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। उनकी सीटी स्कैन समेत अन्य मेडिकल जांचें भी कराई गई हैं। सीटी स्कैन से पता चला कि उनकी पसली में फ्रैक्चर है। सीएम शर्मा के पिता का अस्पताल में उपचार के बाद दोपहर को जयपुर रेफर कर दिया गया।

### ओमान: मस्जिद में गोलीबारी, एक भारतीय समेत नौ मरे

**दुबई।** सुन्नी बहुल ओमान में सोमवार रात शिया मुस्लिमों की अली बिन अबी तालिब मस्जिद में हुई गोलीबारी में तीन हमलावर समेत नौ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक भारतीय शामिल है। अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया के सबसे शांत देशों में से एक में यह हमला गंभीर मामला है। मारे गए लोगों में एक भारतीय, चार पाकिस्तानी नागरिक और एक पुलिसकर्मी भी शामिल है। ओमान की पुलिस ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों समेत विभिन्न देशों के 28 नागरिक घायल हो गए।

**जयपुर में IL-76 की लैंडिंग:** जयपुर एयरपोर्ट पहुंचा विशालकाय इल्युशिन-76 विमान... एयरपोर्ट स्टाफ भी हतप्रभ

# हवाई अड्डे पर डेढ़ घंटे रुका, फिर म्यांमार के लिए भरी उड़ान

बेधड़क | जयपुर

दुनिया के विशालकाय एयरक्राफ्ट में से एक IL - 76 (इल्युशिन - 76) एयरक्राफ्ट की मंगलवार को अचानक जयपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग हुई। इसे देख जयपुर एयरपोर्ट पर मौजूद स्टाफ और यात्री भी हैरान हो गए। कुछ देर जयपुर एयरपोर्ट पर रहने के बाद एक बार इल्युशिन - 76 ने फिर उड़ान भर ली। दरअसल, IL - 76 सेंट पीटर्सबर्ग से उड़ान भरकर म्यांमार जा रहा था। इस दौरान लंबी दूरी तय करने के चलते एयरक्राफ्ट की जयपुर एयरपोर्ट पर कुछ देर के लिए लैंडिंग हुई।




### इल्युशिन-76 का खासियत

- रूस निर्मित यह विमान राहत सामग्री और बड़ी संख्या में लोगों को लाने-ले जाने के लिए काम आता हैं।
- इस विमान में चार इंजन वाला स्ट्रेटेजिक एयरलिफ्टर विमान हैं।
- इस विमान के तीन वैरिएंट हैं, भारत में कुल 35 विमान हैं।
- एक बार में 40 हजार किलो तक वजन ले जा सकता हैं।
- रूस, यूक्रेन और लीबिया की वायुसेना भी इस विमान का इस्तेमाल करती हैं।

### ऐसा होता है यह विशाल परिंदा

एक बहुउद्देश्यीय, फिक्स्ड-विंग, चार इंजन वाला टर्बोफैन रणनीतिक एयरलिफ्टर है, जिसे सोवियत संघ के इल्युशिन डिजाइन ब्यूरो ने 1967 में एंटोनोव एएन-12 की जगह एक वाणिज्यिक मालवाहक के रूप में डिज़ाइन किया था । इसे दूरदराज के खराब सेवा वाले क्षेत्रों में भारी मशीनरी पहुंचाने के लिए विकसित किया गया था। इल-76 के सैन्य संस्करणों का यूरोप, एशिया और अफ्रीका में व्यापक रूप से उपयोग किया गया है, जिसमें हवाई ईंधन भरने वाले टैंकर या कमांड सेंटर के रूप में उपयोग शामिल है।

**बजट पर बहस**

## उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री ने बहस के जवाब में कांग्रेस को लिया आड़े हाथ

# कांग्रेस ने कर्ज लेकर घी पीया: दिया कुमारी

- पिछली सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण बढ़ा कर्ज

बेधड़क | जयपुर

विधानसभा में मंगलवार को बजट पर हुई बहस में प्रदेश की उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने कांग्रेस पर जवाबी हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने कर्ज लेकर घी पीने का काम किया है। पिछली सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण राज्य सरकार पर कर्ज बढ़ गया है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कांग्रेस सरकार में वित्तीय व्यवस्था पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2017-18 में बीजेपी सरकार 3.04 प्रतिशत राजकोषीय घाटा छोड़कर गई थी, लेकिन पिछली कांग्रेस सरकार अनियंत्रित तरीके से घाटा 4.26 प्रतिशत तक ले गई। इसे कम करके हम इस वित्तीय वर्ष में 3.93 प्रतिशत तक लाने का प्रयास कर रहे हैं।

दिया कुमारी ने राजस्थान के घाटे की स्थिति की जानकारी देते हुए कहा कि कांग्रेस ने कर्ज लेकर घी पीया और इसी सोच के साथ पांच सितारा होटल के बंद कमरों में अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्ष किया।

बजट बहस पर पर जवाब देने के बाद वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बजट से जुड़ी घोषणाएं भी कीं, जिनमें मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना शुरू होगी, जिसमें प्रति व्यक्ति 5 हजार रुपये की मासिक सहायता दी जाएगी।



### कोटखावदा-जयपुर में कृषि उपज मंडी की जाएगी स्थापित

प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में दिव्यांग महिलाओं को 6 हजार रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 10 हजार रुपए प्रतिमाह होगा, सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य के लिए आरजीएचएस में लंग्स और किडनी संबंधित पैकेज निशुल्क होगा, 20 हजार किसानों को भूमि सुधार के लिए निशुल्क जिप्सम लोहावट तथा कोटखावदा-जयपुर में कृषि उपज मंडी स्थापित की जाएगी। इसी तरह 2 वर्षों में 2 हजार नए डेयरी बूथ खोले जाएंगे।

### किसानों के लिए दिए 7 हजार करोड़ ज्यादा

दिया कुमारी के भाषण के दौरान कई बार विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने उन्हें शांत रहने के लिए कहा। इस दौरान दिया कुमारी ने भी विपक्षी सदस्यों पर खूब तंज कसे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पिछली सरकार की तरह किसानों के लिए तथ्यहीन, थोथी घोषणाओं की बजाय किसानों को संबल देने का काम करेगी। हमारी सरकार ने गहलोत सरकार के 2023-24 के बजट के मुकाबले इस बार 7 हजार करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान किया है। हमने किसानों के लिए 96 हजार 787 करोड़ 27 लाख का प्रावधान किया है। वित्त मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि पिछली सरकार ने राजस्थान में पानी के लिए कोई काम नहीं किया, बस बैठे-बैठे कश्तियां बनाते रहे। राजस्थान में जलजीवन मिशन को लागू नहीं करा सके। हमें कहते हैं कि पानी की व्यवस्था करो। हमने तो कुछ समय में ही इसे लेकर बड़े काम किए हैं। दिया कुमारी ने विपक्षी सदस्यों द्वारा बजट पर सवाल उठाने को लेकर कहा कि जब आपकी सरकार थी, तब यह सुझाव दे देते तो राजस्थान का नुकसान नहीं होता।




### वित्त मंत्री ने प्रदेश को दी सौगातें....

बजट के रिप्लाई पर घोषणा करते हुए वित्तमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर में स्टेट रिमोट सेसिंग एप्लीकेशन सेंटर का उपकेन्द्र खोलने की घोषणा की है। इस सेंटर को खोलने से राज्य के प्राकृतिक संसाधनों की उपग्रह के जरिए रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी। इसके साथ ही जयपुर में सीकर रोड पर जैतपुरा से जयसिंहपुरा तक 130 करोड़ रुपए की लागत से 16 किलोमीटर बाइपास बनाने का भी ऐलान किया। वहीं कहा कि जयपुर के दिल्ली बाइपास स्थित तेग बहादुर साहिब गुरुद्वारा का विकास कार्य करवाया जाएगा। उन्होंने इसी के साथ चौमूं के जैतपुरा में नई पीएचसी और कोटखावदा में नई कृषि उपज मंडी खोलने की भी घोषणा अपने रिप्लाई के दौरान की।

**जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमला**

# कैप्टन समेत 5 जवान शहीद दो सैनिक राजस्थान के

एजेंसी | जम्मू /जयपुर

जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के डेसा में आतंकियों की फायरिंग में सेना के कैप्टन समेत 4 जवान शहीद हो गए। एक पुलिसकर्मी की भी मौत हुई है। यानी कुल 5 लोगों की जान गई है। राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस यहां सोमवार से ही सर्च ऑपरेशन चला रही थी। सर्चिंग के दौरान आतंकी फायरिंग करते हुए भागे।

घना जंगल होने की वजह से वे बच निकले। सोमवार रात 9 बजे के आसपास फिर गोलीबारी हुई। इसमें 5 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शहीद हुए राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों में कैप्टन बृजेश थापा पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग के और सिपाही बृजेंद्र, सिपाही अजय राजस्थान के झुंझुनूं के रहने वाले थे। नायक डी राजेश की जानकारी सामने नहीं आई है। -पेज 8 भी देखें


अजय सिंह


बृजेश थापा


बिजेंद्र सिंह

### सिपाही अजय सिंह का इंतजार था परिवार को...

सिपाही अजय सिंह नरूका (26) की पार्थिव देह बुधवार सुबह 9:15 बजे सिंघाना से भैसावता कलां (झुंझुनूं) पहुंचेगी। वहां से शहीद के सम्मान में यात्रा निकाली जाएगी। अजय के पिता कमल सिंह नरूका भी सेना में हवलदार रह चुके हैं। अजय तीन दिन बाद घर आ रहे थे, परिवार उनका इंतजार कर रहा था।

### बिजेंद्र सिंह: छुट्टी कैंसिल हो गई थी

बिजेंद्र सिंह 2018 में आर्मी में भर्ती हुए थे। 2019 में उनकी शादी अंकिता के साथ हुई थी। उनके दो बेटे हैं, जिनमें एक चार साल का, जबकि दूसरा एक साल का है। बिजेंद्र सिंह पांच दिन पहले घर आने वाले थे, लेकिन आतंकी घटनाओं के चलते छुट्टी कैंसिल हो गई थी।

# 'सिर तन से जुदा' नारा लगाने के 6 आरोपी बरी, एक अब भी है फरार

**अजमेर।** अजमेर में दरगाह के बाहर भीड़ में 'सिर तन से जुदा' के नारे लगाने के मामले में पर्याप्त साक्ष्य नहीं होने पर अतिरिक्त जिला जज रितु मीणा के कोर्ट ने मंगलवार को मुख्य आरोपी दरगाह के खादिम गौहर चिश्ती समेत छह आरोपितों को बरी कर दिया। मामले में एक आरोपित फरार है, उस पर फैसला नहीं सुनाया गया है। -पेज 4 भी देखें

### वीडियो का नहीं हो पाया सत्यापन

कोर्ट में ट्रायल के दौरान 22 गवाह और 32 दस्तावेज पेश किए गए थे। आरोपी पक्ष के वकील ने बताया कि भड़काऊ नारे के जो वीडियो सामने आए थे, कोर्ट में उनका सत्यापन नहीं हो पाया। पुलिस ने मौके का नक्शा नहीं बनाया और जो पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद थे, वे भी अपनी मौजूदगी के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए।

### साल 2022 का मामला

बता दें कि आपत्तिजनक नारे को लेकर 17 जून 2022 को कांस्टेबल जयनारायण जाट ने ही दरगाह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि निजाम गेट पर ड्यूटी के दौरान मौन जुलूस में पूर्व नियोजित तरीके से खादिम गौहर सहित कुछ लोगों ने रिक्शे पर लगे लाउडस्पीकर से 'सिर तन से जुदा' के आपत्तिजनक नारे लगाए।

**भाजपा विधायक दल की बैठक**

# भजनलाल सरकार देगी विधायकों को जनता से संवाद की ट्रेनिंग

- मौजूदा बजट सत्र के समापन के बाद शुरू होगा ट्रेनिंग सेशन
- विधायक का जनता से संवाद बेहद जरूरी, उनका स्टाफ रहे शालीन:सीएम
- MLA ने बजट को ऐतिहासिक बताते हुए किया मुख्यमंत्री का अभिनंदन

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सान्निध्य में विधानसभा में मंगलवार को भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। इस अवसर पर विधायकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा विधायकों को जनता से संवाद के लिए ट्रेनिंग सेशन चलाया जाएगा।

सीएम शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में विधायक को ही सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना होता है। ऐसे में बेहद जरूरी है कि विधायक जनता से संवाद बनाए रखें। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि विधायक और उनके स्टाफ को जनता से शालीनता से पेश आना चाहिए। सभी विधायक क्षेत्र के लोगों के फोन भी अटैंड करें। उन्हें तुरंत रिप्लाई भी करें। इस अवसर पर विधायकों ने बजट को ऐतिहासिक बताते हुए सीएम भजनलाल शर्मा का अभिनंदन किया।



### मौजूदा सत्र के बाद होगी ट्रेनिंग

जानकारी के अनुसार विधायकों का ट्रेनिंग सेशन मौजूदा विधानसभा सत्र के बाद आयोजित हो सकता है। विधायकों की ट्रेनिंग को लेकर संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि सीएम भजनलाल शर्मा चाहते हैं कि सभी विधायक सदन के नियम और प्रक्रिया में निपुण हों। सदन की स्वस्थ परंपरा की उन्हें जानकारी हो।

### विधायकों का स्टाफ भी शालीन रहे

इसके साथ ही विधायक, उनका ड्राइवर, गनमैन और अन्य स्टाफ जनता के साथ शालीनता से पेश आए। जनता की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसका समाधान करें। इसे लेकर विधायकों को ट्रेनिंग देने पर विचार चल रहा हैं। जोगाराम पटेल ने कहा- यह ट्रेनिंग सैशन मौजूदा सत्र के बाद आयोजित हो सकता है।

### बजट में हर वर्ग का रखा ध्यान

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के हर व्यक्ति और हर वर्ग का ध्यान रखते हुए बजट बनाया है, लेकिन बजट का शत प्रतिशत क्रियान्वयन आपके माध्यम से ही हो सकता है। इसलिए आपके क्षेत्र की बजट घोषणाओं को लागू करवाने में अपना योगदान सुनिश्चित करें। बजट घोषणाएं धरातल पर उतरें। उसके लिए आपको प्रयास करने होंगे । दो या उससे अधिक विभागों के बीच की योजनाओं को समन्वय समिति के माध्यम से पूरा करवाएं। वहीं प्रदेश स्तर की घोषणाओं के लिए प्रदेश स्तर पर सक्रिय रहे।

## जरूरी खबर

### चाकसू विधानसभा को मिली दो नई सौगात



**चाकसू।** प्रदेश की उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को परिवर्तित बजट भाषण के दौरान चाकसू विधानसभा को नई सौगातें दी है। कोटखावदा में नई कृषि उपज मंडी खोलने एवं चाकसू पुराने नेशनल हाईवे 12 का मय डिवाइडर सुदृढ़ीकरण एवं नवीनीकरण तथा कोटखावदा मोड़ से बाइपास व गरुड़वासी तिराहे से बाइपास तक 21 किलोमीटर निर्माण कार्य के लिए 38 करोड़ 52 लाख रुपए की घोषणा की है। इन घोषणाओं से विधानसभा क्षेत्र के लोगों को सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इसके लिए चाकसू विधायक रामावतार बैरवा ने सीएम और वित्त मंत्री का आभार जताया है।

### कब्जों को लेकर कमेटी हाई कोर्ट में पेश करेगी रिपोर्ट

**जयपुर।** राजस्थान हाई कोर्ट ने रामगढ बांध में अतिक्रमण से जुड़े मामले में गठित मॉनिटरिंग कमेटी को दो सप्ताह में हाई कोर्ट की रजिस्ट्री में निरीक्षण रिपोर्ट पेश करने को कहा है। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश रामगढ़ बांध में अतिक्रमण को लेकर लिए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान से जुड़े प्रकरणों पर सुनवाई करते हुए दिए। कमेटी के सदस्य अधिवक्ता वीरेंद्र डांगी ने बताया कि कमेटी ने गत जून माह में बांध क्षेत्र का दौरा किया था, जिसमें कई जगहों पर अतिक्रमण मिला है।

### जिला अस्पतालों में ट्रोमा सेंटर खोलना अनिवार्य: खींवसर



**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने मंगलवार को विधानसभा में आश्वस्त किया कि प्रदेश में ट्रोमा सेंटर रहित जिला अस्पतालों में प्राथमिकता से ट्रोमा सेंटर शुरू करने के प्रयास किए जाएंगे। खींवसर ने प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि नए बनने वाले जिला अस्पतालों में ट्रोमा सेंटर आवश्यक रूप से खोलने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसार दुर्घटना में घायल व्यक्ति को किसी भी परिस्थिति में 50 किमी से अधिक परिवहन की आवश्ययकता ना पड़े, इसके लिए प्रत्येक 100 किमी पर एक ट्रोमा सेंटर खोले जाने का प्रावधान है।

---

**विधानसभा का बजट सत्र: अंता विधायक कंवरलाल मीणा ने पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया पर लगाए कई आरोप**

# बजरी खनन के ब्रांड एंबेसडर 'भाया' सुनते ही भड़की कांग्रेस

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधानसभा में मंगलवार को उस वक्त भारी हंगामा खड़ा हो गया जब भाजपा के अंता से विधायक कंवरलाल मीणा ने पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया को बजरी खनन का ब्रांड एंबेसडर घोषित कर दिया। मीणा पर्ची पर उठाए गए मुद्दों पर बोल रहे थे।

भाषण की शुरुआत में उन्होंने कहा कि पहले बजरी को कोई नहीं जानता था। नदियां पहले भी थी। बजरी पहले भी थी और मकान पहले भी बनते थे। जब पिछली कांग्रेस सरकार आई और गहलोत ने भाया को मंत्री बनाया और वो ब्रांड एंबेसडर बने। उसी दिन से अवैध बजरी खनन का बोलबाला चालू हुआ। मीणा के इतना बोलते ही कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष और लक्ष्मणगढ़ से विधायक गोविंद सिंह डोटासरा भड़क गए और उन्होंने जमकर हंगामा किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली समेत अन्य कांग्रेसी विधायक भी उनका साथ देते नजर आए। इस पर मीणा ने आरोप लगाया कि आप चोरों के सरदार का बचाव कर रहे हो। उन्होंने पूछा कि एनके गडियाल कौन है, जिसे भाया ने बीसलपुर बांध का 28 हजार करोड़ का ठेका दे दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने सांगोद से पूर्व कांग्रेस विधायक भरत सिंह का भी जिक्र किया और कहा कि भाया के खिलाफ भरत सिंह ने सबूत पेश किए।

सिर तक मुंडवा लिया। मगर, पूर्ववर्ती सरकार ने भाया पर कोई कार्रवाई नहीं की। मीणा ने भजन सरकार से भाया के कार्यकाल की जांच करवाने और उन्हें सजा दिलवाने की भी मांग की।



### दिलावर के विरोध में विपक्ष का हंगामा



राजस्थान विधानसभा में मंगलवार को भी विपक्ष के सदस्यों ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का आदिवासियों पर उनकी टिप्पणी को लेकर उनके जवाब के दौरान जमकर हंगामा किया जिससे उनका जवाब स्पष्ट सुनाई नहीं दिया। प्रश्नकाल में जब दिलावर विधायक छगन सिंह के प्रश्न 'आहोर विधानसभा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालयो का क्रमोन्नयन' का जवाब देने के लिए खड़े हुए तब नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली एवं डोटासरा सहित विपक्ष सभी सदस्य खड़े हो गए और दिलावर माफी मांगे और इस्तीफा दो के नारे लगाने लगे। इससे सदन में शोरशराबा हुआ और दिलावर ने जो जवाब दिया वह सुनाई नहीं दिया।

---

**विधानसभा उप चुनाव की तैयारियों का प्रदेशाध्यक्ष ने लिया जायजा**

# कांग्रेस ने भ्रम फैलाया... लेकिन सामने आया असली चेहरा: जोशी

बेधड़क | जयपुर/ झुंझुनूं

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा है कि कांग्रेस राजस्थान में ही नहीं बहुत सी जगह भ्रम फैलाने में कामयाब रही, जिससे भाजपा को लोकसभा में अपेक्षित सीटें नहीं आई। मंगलवार को झुंझुनूं में विधानसभा उप चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने आए जोशी ने कहा कि इसके बाद भी भाजपा ने प्रदेश में कांग्रेस से 12 प्रतिशत मत ज्यादा हासिल किए।

कुछ जगह परिस्थिति भी बनी। वहीं कुछ जगह कांग्रेस परजीवी होकर लड़ी। खुद के दम पर जीत नहीं सके इसलिए गठबंधन कर लिया। इसलिए कुछ सीटों पर भाजपा को नुकसान हुआ, लेकिन अब भी राजस्थान की जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ है।

जोशी ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस में सबसे बड़ा अंतर यह है कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो चुनाव जीतने के बाद लगातार सरकार के कामों को जनता के बीच पहुंचाने के लिए सेतू का काम करती है। भाजपा कार्यकर्ता सेवा कार्यों के साथ ही रचनात्मक कार्य भी करते रहते हैं। इसके विपरीत कांग्रेस सिर्फ चुनाव के समय ही जनता के बीच जाती है, प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार थी, तब कोरोना काल के समय सबने देखा कि सरकार होटलों में बैठी रही, जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं ने आमजन को सुविधाएं पहुंचाई, सेवा कार्य किए।

कांग्रेस ने सालों तक सिर्फ वादे और नारे दिए, जबकि भाजपा ने जो कहा उससे ज्यादा करके दिखाया। लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया था, लेकिन अब जनता इनका असली चेहरा जान चुकी है। आज भी प्रदेश की जनता का विश्वास भाजपा के साथ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस सालों में जो अकल्पनीय काम हुए और किस प्रकार देश मजबूत हुआ यह सभी ने देखा, दुनिया ने लोहा माना।




### प्रदेश के विकास को लगेंगे चार चांद

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विकसित राजस्थान की आधारशिला रखने वाले बजट की प्रदेश की जनता, भाजपा जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और विपक्ष के लोग भी तारीफ कर रहे हैं। बजट से प्रदेश के विकास को चार चांद लगेंगे, इसमें गांव, गरीब, किसान युवा सहित हर वर्ग के उत्थान और कल्याण के काम को समाहित किया है। वर्तमान समय में देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार है, प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो इसके लिए विधानसभा उप चुनाव में जनता भाजपा को अपना स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद देगी।

### कहीं भी नहीं करवाया स्वागत

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने पदाधिकारियों के साथ विधानसभा उप चुनाव सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जयपुर से झुंझुनूं जाते समय रास्ते में विभिन्न स्थानों पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सीपी जोशी के स्वागत की तैयारी कर रखी थी, परंतु झुंझुनूं के लाल के शहीद होने के कारण उन्होंने कहीं भी स्वागत नहीं करवाया। सीपी जोशी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिला कार्यालय में पौधरोपण भी किया।



## बजट में संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ को कई सौगातें

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी.जोशी ने प्रदेश सरकार के परिवर्तित बजट में की गई घोषणाओं के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री व वित्तमंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया। जोशी ने बताया कि बजट में भदेसर व चित्तौड़गढ़ बाइपास निर्माण 88 करोड़ 50 लाख रुपए, नारेला से भोपालसागर वाया भीमगढ़-राशमी -हरनाथपुरा सड़क के शेष कार्य भीमगढ़ बाइपास व हरनाथपुरा बाइपास (कपासन)-चित्तौड़गढ़ 22 करोड़ 40 लाख रुपए, कपासन से दरिबा माइंस वाया मालीखेड़ा- कानाखेड़ा -उसरोल-लुणेरा-कोटड़ी की 30 किमी सड़क के लिए चित्तौड़गढ़ 50 करोड़ रुपए मंजूर किए। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-113 मुख्य सड़क से गांव महुड़िया-बागदरी तक सड़क निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपए, निंबाहेड़ा से मंगलवाड फोर लेन सड़क निर्माण कार्य के लिए 325 करोड़ रुपए, अमरपुरा चौराहे से बांसी होते हुए जिला सीमा तक (12 किमी.)-चित्तौड़गढ़ 10 करोड़ रुपए मंजूर किए जाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया है। इसके साथ ही 132 केवी जीएसएस-भादसोड़ा और ब्राह्मणी नदी के रिवर फ्रंट एवं सौंदर्यीकरण का कार्य करवाया जाना प्रस्तावित है। इसके साथ ही भदेसर में नवीन महाविद्यालय और कपासन-चित्तौड़गढ़ में इंडौर स्टेडियम बनाया जाना प्रस्तावित है। इसके अलावा छोटी सादड़ी-प्रतापगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से उप जिला चिकित्सालयों में क्रमोन्नयन जाना प्रस्तावित है। फतहनगर व मावली-चित्तौड़गढ़ के मध्य ट्रोमा सेंटर खोला जाना प्रस्तावित है। सिंचाई विभाग-बागोलिया बांध फीडर निर्माण कार्य (मावली)-चित्तौड़गढ़ के लिए 190 करोड़ और निंबाहेड़ा-चित्तौड़गढ़ में निंबोदा लघु सिंचाई परियोजना का कार्य 20 करोड़ रुपए का बजट आबंटित किया गया है।

---

# सदन की गरिमा बनाए रखने में सभी सहयोग करें: देवनानी



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को सदन में व्यवस्था बनाए रखने के लिए विधायकों से कहा कि वे सदन की गरिमा को बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सदन नियमों और परम्पराओं से चलता है। देवनानी ने कहा कि इस पवित्र सदन में जनता ने विधायकों को चुनकर भेजा है।

यहां की कुछ मर्यादाएं है, यहां के कुछ नियम है। जनता की हमसे बहुत कुछ अपेक्षाएं है। देवनानी ने कहा कि सभी विधायकों को सदन में नियमों का पालन करना होगा। देवनानी ने विधायकों से कहा कि वे सभी राजस्थान विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियम के नियम 269 को पढ़ें और उन नियमों को अमल में लाए। इससे सदन की गरिमा बनेगी और आमजन में अच्छा संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि इस नियम को सदस्य पढ़कर आएंगे तो सदन को चलाने में सुविधा रहेंगी और सदन की गरिमा भी बनी रहेंगी। देवनानी ने कहा कि सदन में बैठते और उठते समय शिष्टाचार का ध्यान रखें।

### काव्य संग्रह का किया विमोचन

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को यहां राजस्थान विधान सभा में पूर्व विधायक तरुण राय कागा के नव प्रकाशित काव्य-संग्रह माटी की महक का विमोचन किया। देवनानी ने कवि तरुण राय कागा को बधाई और शुभकामनाएं दी। देवनानी को कागा ने बताया कि कविता संग्रह में 101 कविताओं का संकलन किया है। इस मौके पर युवराज कागा और गर्वित कागा मौजूद थे।

## सरकार का बजट दिशाहीन और निराशाजनक: जूली



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मंगलवार को विधानसभा में राज्य सरकार के वर्ष 2024-25 के बजट को दिशाहीन और निराशाजनक बताते हुए कहा कि इसमें जो घोषणाए की गई हैं उसमें बजट का कितना प्रावधान किया गया हैं यह बताया जाना चाहिए।

जूली ने बजट चर्चा में भाग लेते कहा कि बजट में गरीब को 9 वें नंबर पर रखा गया हैं जबकि कानून व्यवस्था एवं सुशासन को दसवें नंबर पर रखा गया हैं। आपका विजन 9वें एवं 10वें नंबर पर आता हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट अमीरों को भला एवं इस सोच पर चलने वाला हैं और इसमें कोई विजन नहीं हैं। पूर्ववर्ती सरकार के कामों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार के समय माही डेम बनवाया गया इसी तरह हमारे समय की इंदिरा गांधी नहर ने राजस्थान को नया जीवन दिया हैं। ईआरसीपी की शुरुआत भाजपा सरकार ने की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जयपुर अजमेर में चुनावी सभाओं में घोषणा की कि भाजपा के जीतने पर ईआरसपी को लागू किया जाएगा, लेकिन नहीं की गई।

---

**पुलिस मुख्यालय में डीजीपी से मिले प्रशिक्षु IPS**

# ऊंचाइयां छूने के लिए सकारात्मकता पर 'फोकस' करें नए अफसर: DGP

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू से मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वर्ष 2023 के बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के दल ने मुलाकात की। सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में प्रशिक्षरणरत 24 आईपीएस अधिकारियों का यह दल इन दिनों राजस्थान के पांच दिवसीय स्टडी कम कल्चरल टयूर पर है। डीजीपी साहू ने युवा आईपीएस अधिकारियों से संवाद करते हुए कहा कि पुलिस सेवा में आने के मूल मकसद को साकार करते हुए कॅरिअर में नई ऊंचाइयों को छूने एवं बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सदैव सकारात्मकता को अपनी कार्यशैली का हिस्सा बनाए। साहू ने कहा कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के भाव से स्वयं और दूसरों के सकारात्मक पक्षों पर फोकस करते हुए पुलिसिंग में नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं। इस दौरान पुलिस महानिदेशक, एससीआरबी एवं साइबर अपराध हेमंत प्रियदर्शी और पुलिस महानिदेशक, पीएम एंड डब्ल्यू गोविंद गुप्ता सहित पुलिस मुख्यालय के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक और उप पुलिस महानिरीक्षक स्तर के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।





**प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों के दल को किया सम्मानित:** इस दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) मालिनी अग्रवाल ने प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों के दल को राजस्थान पुलिस की विशेषताओं, कार्यशैली और प्रदेश में रोजमर्रा के कार्यों में चुनौतियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। डीजीपी साहू को संवाद के दौरान प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों के दल की ओर से स्मृति चिह्न भेंट किया गया। प्रशिक्षु अधिकारियों के दल ने प्रदेश में अपने स्टडी कम कल्चरल टयूर के अनुभव साझा करते हुए राजस्थान में अतिथि देवो भवः की परम्परा के तहत आवभगत और सत्कार की परम्पराओं और सांस्कृतिक विरासत की सराहना की।

## जरूरी खबर

### गोविंद को देहदान आभार कार्यक्रम का निमंत्रण



**जयपुर।** जैन सोशल ग्रुप सेंट्रल संस्था के 17 व 18 अगस्त को होने वाले अंगदान, देहदान, त्वचादान, नेत्रदान जागृति संगोष्ठी और देहदानी परिवार सम्मान और आभार कार्यक्रम के लिए आराध्य देव गोविंददेव जी मंदिर में मंगलवार को निमंत्रण दिया गया। इस दौरान महंत अंजन कुमार गोस्वामी, शकुन ग्रुप के गोकुल दास महेश्वरी, जेएसजी सेंट्रल संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कमल सचेती, अध्यक्ष शसंजय सिंह व अन्य पदाधिकारी अशोक हरकावत, सुधेद्र चौरडिया, प्रदीप भंडारी, हीरा सिंह बैंद, नवीन दोशी सुमंत जैन आदि मौजूद रहे। संस्थापक अध्यक्ष कमल सचेती ने बताया कि संस्था अब तक 250 देहदान, 22 त्वचादान, 3300 नेत्रदान और 15000 यूनिट से अधिक रक्तदान करा चुकी है।

### फेक डिग्री बनवाने में सहयोगी को किया अरेस्ट



**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने फेक डिग्री बनवाने में मदद करने वाले एक आरोपी को पकड़ा है। डमी केंडिडेट बनकर टीचर भर्ती का एग्जाम देते भी पकड़ा गया था। एसओजी पूर्व में उसके साथियों को अरेस्ट कर चुकी है। एडीजी वीके सिंह ने बताया कि फर्जी डिग्री में मदद करने वाले आरोपी महेन्द्र सिंह (31) पुत्र साजन विश्नोई निवासी भीनमाल जालौर को अरेस्ट किया है। अजमेर के सिविल लाइंस थाने में फेक डिग्री के दर्ज मामले में एसओजी ने जांच की। जांच में आरोपी महेन्द्र का पूर्व में अरेस्ट कमला कुमारी और ब्रह्मा कुमारी के नाम से मेवाड़ यूनिवर्सिटी चितौड़गढ़ से एमए हिंदी की फेक डिग्री बनवाना सामने आया।

## हाउसिंग बोर्ड ने 5 शहरों में लांच आवासीय स्कीमों में फिर बढ़ाई तारीख

# अब 15 अगस्त तक कर सकेंगे घर के लिए आवेदन

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान हाउसिंग बोर्ड ने 5 शहरों में लांच की आवासीय स्कीम में आवेदन की आखिरी तारीख एक बार फिर आगे बढ़ा दी है। यह चौथा मौका है, जब बोर्ड के पास पर्याप्त आवेदन नहीं आए, जिसे देखते हुए आवेदन की अंतिम तारीख को 15 अगस्त तक बढ़ाया गया है। हाउसिंग बोर्ड की ओर से मार्च में 9 अलग-अलग शहरों में आवासीय योजना लॉन्च करके आवेदन मांगे थे, जिसमें से धौलपुर के बाड़ी में 13 आवास, जयपुर के प्रताप नगर 336, अलवर के पास भिवाड़ी में 15, अजमेर के पास किशनगढ़ में खोड़ा गणेश योजना के 104 और हनुमानगढ़ के न्यू आवासीय योजना डीटीओ में 180 आवासों के लिए आवेदनों की संख्या कम आई है।




### अगस्त में निकलेगी योजनाओं की लॉटरी

इन मकानों के आवेदन मिलने के बाद इनकी लॉटरी अगस्त के आखिरी सप्ताह तक निकाली जा सकती है। सबसे ज्यादा आवेदन उदयपुर की गोवर्धन विला स्कीम में आए हैं। यहां करीब 200 मकानों के लिए 23 हजार से ज्यादा लोगों ने आवेदन किया है। इसी तरह माउंट आबू, जयपुर की वाटिका, जोधपुर की बड़ली और नागौर की योजना के आवेदनों की भी लॉटरी निकाली जाएगी। जोधपुर के बड़ली में करीब 1090 मकान तैयार करवाए जाएंगे। इनकी लॉटरी भी इसके साथ निकाली जाएगी। ऐसे में इन सभी 9 शहरों 3001 फ्लैट और मकानों की लॉटरी की तैयारी की जा रही है।

### पहले भी बढ़ाई थी फार्म भरने की तारीख

बोर्ड ने अप्रैल, मई के बाद जून में भी एक माह की तारीख बढ़ाई थी, लेकिन उसके बाद भी लोगों का रुझान इन मकानों को लेकर कम है। इसे कारण इन योजनाओं में आवासों की संख्या जितने भी आवेदन नहीं आए। इसे देखते हुए बोर्ड प्रशासन ने एक बार फिर से इन योजनाओं में आवेदन की तारीख को 15 अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया है।

### इनकम ग्रुप के अनुसार बनाए जाते हैं प्रोजेक्ट

हाउसिंग बोर्ड के ये प्रोजेक्ट इनकम ग्रुप के हिसाब से बनाए गए हैं। इनमें पांच कैटेगरी होती है। इडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी ए, एमआईजी बी और एचआईजी। आवेदक अपनी सालाना आय के अनुसार इनके लिए आवेदन कर सकता है, जैसे ईडब्ल्यूएस के लिए आय सीमा सालाना 3 लाख, एलआईजी में 3 से 6 लाख है। एमआईजी में दो कैटेगरी है। एमआईजी ए में 6 से 12 लाख और एमआईजी बी में 12 से 18 लाख है। एचआईजी में 18 लाख से ज्यादा आय वर्ग के लोग अप्लाई कर सकते हैं।

### ऐसे किया जा सकेगा आवेदन

स्कीम के तहत मकान पाने के लिए आवेदन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। इसके लिए हाउसिंग बोर्ड की वेबसाइट (https://urban.rajasthan.gov.in) पर जाकर आवेदन किया जा सकेगा। ऑनलाइन ही रजिस्ट्रेशन मनी 500 रुपए जमा करवाई जाएगी। रजिस्ट्रेशन की राशि ज्यादा होने पर ऑनलाइन बैंक का चालान जनरेट करना होगा और उसे बैंक में जमा करवाना होगा। रजिस्ट्रेशन के साथ 10% बुकिंग अमाउंट भी साथ में जमा कराना होगा। आवेदन में राजस्थान के नागरिक को प्राथमिकता दी जाएगी।

## वाल्मीकि समाज ने स्वायत्त शासन भवन घेरा, हड़ताल का अल्टीमेटम

# भर्ती में प्राथमिकता नहीं दी तो 3 दिन बाद नहीं लगेगी झाड़ू

**बेधड़क** | जयपुर

सफाई कर्मचारियों की भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता नहीं दी गई तो 3 दिन बाद पूरे प्रदेश में झाड़ू छोड़ हड़ताल की जाएगी। यह चेतावनी संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ ने दी। इससे पूर्व संघ की ओर से मंगलवार को स्वायत्त शासन भवन का घेराव किया गया।

गौरतलब है कि राजस्थान में सफाई कर्मचारियों के 24 हजार 797 पदों पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जा रही है, लेकिन इस भर्ती को भी 2018 में की गई भर्ती की तरह लॉटरी के आधार पर किए जाने का विरोध किया जा रहा है। मंगलवार को संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ ने विरोध दर्ज कराते हुए सफाई कर्मचारी भर्ती प्रैक्टिकल के आधार पर करने और भर्ती में परंपरागत सफाई कार्य से जुड़े वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने की मांग की। इस दौरान वाल्मीकि समाज के कर्मचारियों ने मांग नहीं माने जाने की स्थिति में तीन दिन बाद झाड़ू छोड़ हड़ताल करने की चेतावनी दी।



### लॉटरी के आधार पर की जा रही भर्ती

दरअसल, इस साल जनवरी में संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ और डीएलबी डायरेक्टर की अध्यक्षता में बनी समझौता समिति की बैठक में लिखित में समझौता किया गया था कि सफाई कर्मचारियों की भर्ती मस्टरोल के आधार पर 1 साल के प्रैक्टिकल के बाद की जाएगी। सफाई श्रमिक संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर डंडोरिया ने स्वायत्त शासन विभाग पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व में हुए समझौते को ताक पर रखकर अब लॉटरी के आधार पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जा रही है जो वाल्मीकि समाज और सफाई कर्मचारियों के साथ धोखा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में लॉटरी पद्धति से सफाई कर्मचारियों की भर्ती की गई थी, जो वाल्मीकि समाज के लिए एक काला अध्याय है। अब वर्तमान में लॉटरी से ही सफाई कर्मचारियों के 24 हजार 797 पदों को भरा जा रहा है। इससे सम्पूर्ण राजस्थान का वाल्मीकि समाज आक्रोशित है।

### यह दी चेतावनी

उन्होंने इस भर्ती को प्रैक्टिकल आधार पर कराने, प्रैक्टिकल का समय ज्यादा से ज्यादा 1 साल रखने, प्रैक्टिकल के दौरान अभ्यर्थियों को परिश्रम का भुगतान मस्टरोल के करने, सफाई कर्मचारी भर्ती में प्रैक्टिकल में सफल रहे अभ्यार्थी को 1 वर्ष बाद स्थाई कर्मचारी घोषित करने और परम्परागत सफाई कार्य से जुड़े वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगे नहीं मानी जाती तो तीन दिन बाद संपूर्ण राजस्थान का सफाई कर्मचारी हड़ताल करते हुए आंदोलन की राह पर उतरेगा।

### कर्मचारियों की मांग राज्य सरकार तक पहुंचाएंगे

हालांकि, विभाग का तर्क है कि उच्च न्यायलय राजस्थान की ओर से जारी आदेश के अनुसार भर्ती की जा रही है। फिर भी कर्मचारियों की मांग राज्य सरकार तक पहुंचाई जाएगी। इस संबंध में विभाग अपने स्तर पर कोई फैसला नहीं ले सकता।

## जल जीवन मिशन घोटाले में गिरफ्तारी

# महेश जोशी का करीबी संजय बड़ाया गिरफ्तार 4 दिन की रिमांड पर



**बेधड़क** | जयपुर

जल जीवन मिशन (जेजेएम) घोटाले में प्रवर्तन निदेशायल(ईडी) ने मंगलवार को पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी के करीबी संजय बड़ाया को गिरफ्तार किया है। इस घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग कानून की धाराओं के तहत यह ईडी की यह चौथी गिरफ्तारी है। ईडी अधिकारियों ने बताया कि संजय बड़ाया को सुबह 9 बजे ईडी कार्यालय बुलाया गया और करीब 5 घंटे तक पूछताछ की गई।

नाम न बताने की शर्त पर ईडी के एक अधिकारी ने बताया कि हमें जेजेएम मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग में बड़ाया की सक्रिय भूमिका का संकेत देने वाले कुछ आपत्तिजनक सबूत और दस्तावेज मिले हैं। यहां तक कि पिछले साल सितंबर में जयपुर में सरकारी अधिकारियों और अन्य के 18 से 20 जगहों पर की गई छापेमारी के दौरान भी हमें गलत तरीके से धन अर्जित के बारे में जानकारी मिली थी।

जांच में यह पाया गया कि संजय बड़ाया निजी ठेकेदारों और बिचौलियों के साथ सक्रिय रूप से संपर्क में था और पीएचईडी के अधिकारियों की ओर से रिश्वत ले रहा था। वह अधिकारियों और ठेकेदारों के बीच सेतु की भूमिका निभा रहा था। जांच में सामने आया है कि संजय बड़ाया पूर्व पीएचईडी मंत्री महेश जोशी का दाहिना हाथ था और पीएचईडी कार्यालय और इसकी फाइलों में उसका दखल रहता था।

अब तक ईडी ने इस मामले में पीयूष जैन और उसके पिता पदम चंद जैन और महेश मित्तल को गिरफ्तार किया है। जानकार सूत्रों की मानें तो संजय बड़ाया को देर शाम को कोर्ट के सामने पेश कर 4 दिन की रिमांड पर लिया गया है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## पिकअप में लाया जा रहा था हरियाणा से

# 800 किलो घटिया पनीर नष्ट कराया

**बेधड़क** | जयपुर

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत सोमवार देर रात कार्रवाई करते हुए 800 किलो घटिया क्वालिटी का पनीर नष्ट करवाया। खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के नेतृत्व और अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात उपाधीक्षक विराटनगर ने दूरभाष पर इस संबंध में सूचना दी कि हरियाणा से पिकअप में भरकर राजस्थान में अत्यंत घटिया क्वालिटी का नकली पनीर सप्लाई किया जा रहा है। इस पर भाभरू थाना शाहपुरा के सहयोग से पिकअप को रोका गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने पनीर का नमूना लिया और 800 किलो घटिया पनीर नष्ट करवाया। साथ ही पुलिस ने पिकअप जब्त कर उसमें सवार आजाद, अरशद व अशफाक को गिरफ्तार कर लिया।



## उखड़ी सड़कें... दे रही हैं हादसों को न्योता

*जयपुर। हल्की बरसात से ही जयपुर बेहाल हो गया है। शहर की सड़कें जगह-जगह बरसात के कारण क्षतिग्रस्त हो गई। कुछ जगह तो सरकार द्वारा पाइपलाइन, सीवर लाइन या केबल डालने के लिए सड़कों को खोद दिया गया, जो बरसात में और अधिक क्षतिग्रस्त होकर खतरनाक हो गई। इमली का फाटक से बरकत नगर जाने वाले मार्ग पर कई दिनों से जगह-जगह सीवर लाइन जाम है, जिसके कारण सड़के भी क्षतिग्रस्त हो गई है। ऐसे में तेज बारिश में पानी भरने पर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।*

*-फोटो: राजेश कुमावत*



## 15 अगस्त को श्रीगंगानगर से रवाना होकर जयपुर होते हुए कन्याकुमारी तक जाएगी

# रामेश्वरम और तिरुपति बालाजी के दर्शन कराएगी भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय रेलवे के उपक्रम इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) ने श्रद्धालुओं की मांग को ध्यान में रखते हुए दक्षिण भारत दर्शन यात्रा ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह यात्रा 15 अगस्त को श्रीगंगानगर से रवाना होकर वाया हनुमानगढ़, सादुलपुर जंक्शन, चूरू, सीकर जंक्शन, रींगस जंक्शन, जयपुर जंक्शन, सवाई माधोपुर जंक्शन और कोटा जंक्शन से यात्रियों को लेती हुई जाएगी। इस यात्रा की अवधि 12 दिन की है, जिसमें रामेश्वरम, मदुरै, कन्याकुमारी, मल्लिकार्जुन तथा तिरुपति बालाजी दर्शन का मौका मिलेगा।

आईआरसीटीसी के संयुक्त महाप्रबंधक पर्यटन योगेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि यह भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन कई प्रकार की सुविधाओं जैसे वातानुकूलित थर्ड एसी कोच, आधुनिक किचन कार से सुसज्जित होगी। यात्रा को दो श्रेणियों स्टैंडर्ड कैटेगरी व कंफर्ट कैटेगरी में विभाजित किया गया है।

स्टैंडर्ड कैटेगरी का मूल्य 32,565 रुपए रखा गया है, जिसमें एसी ट्रैन, नॉन- एसी आवास तथा नॉन- एसी बसों की व्यवस्था रहेगी। कंफर्ट कैटेगरी का मूल्य 41,670 रुपये रखा गया है, जिसके अंतर्गत एसी ट्रेन के साथ एसी आवास व एसी बसों की सुविधा मिलेगी।




### कब किस मंदिर में कराए जाएंगे दर्शन

यह यात्रा 15 अगस्त को श्रीगंगानगर से रवाना होकर 17 अगस्त को ट्रेन तिरुपति बालाजी पहुंचेगी, जहां यात्रियों को तिरुपति बालाजी के दर्शन कराए जाएंगे। 17 और 18 को रात्रि विश्राम तिरुपति में रहेगा। ट्रेन 19 को तिरुपति से रवाना होकर 20 अगस्त को रामेश्वरम पहुंच जाएगी, जहां रामनाथ स्वामी मंदिर के दर्शन करवाए जायेंगे एवं रात्रि विश्राम रामेश्वरम में रहेगा। 21 अगस्त को रामेश्वरम से मदुरै के लिए रवाना होगी तथा शाम को मदुरै में मीनाक्षी मंदिर के दर्शन करवाए जाएंगे तथा रात को ट्रेन कन्याकुमारी के लिए रवाना होगी। 22 अगस्त को सुबह ट्रेन कन्याकुमारी पहुंचेगी जहां दिन में कन्याकुमारी भ्रमण करवाया जाएगा एवं रात को ट्रेन मल्लिकार्जुन के लिए रवाना होगी। ट्रेन 24 को मल्लिकार्जुन पहुंचेगी, जहां यात्रियों को मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग के दर्शन करवाए जाएंगे। दर्शन के बाद ट्रेन रात्रि में रवाना होकर दर्शन के बाद ट्रेन रात्रि में 24 अगस्त ट्रेन वापसी श्रीगंगानगर के लिए रवाना होगी व 26 को श्रीगंगानगर पहुंचेगी।

### ले सकेंगे एलटीसी सुविधा का लाभ

कन्फर्म बर्थ के साथ-साथ, होटल-आवास, ट्रांसपोर्टेशन व मन्दिर दर्शन की सुविधा भी दी जाएगी। इंश्योरेंस के साथ सरकार, पीएसयू के कर्मचारी इस यात्रा पर वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आधार पर पात्रता के अनुसार एलटीसी सुविधा का लाभ भी उठा सकते हैं। इन पैकेज की बुकिंग सुविधा आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctctourism.com पर भी उपलब्ध है।

## जरूरी खबर

### किसान 31 जुलाई तक करा सकते हैं फसल का बीमा

**कोटा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल खराबे से होने वाले नुकसान से बचाव के लिए किसान खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई तक करा सकेंगे। योजना में किसानों द्वारा खेतों में वास्तविक रूप से बोई गई फसलों की सूचना 29 जुलाई तक लिखित में देनी होगी, ताकि वास्तविक बुआई अनुसार फसलों का बीमा संबंधित बैंक या समिति द्वारा किया जा सके, जो ऋणी किसान फसल बीमा नहीं कराना चाहते हैं वे 24 जुलाई तक बैंक को लिखित में सूचना देकर इस योजना से बाहर हो सकते हैं।

### 17 दिव्यांगजनों को किया स्कूटी का वितरण



**जालोर।** राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व सांसद लुम्बाराम चौधरी ने मंगलवार को सर्किट हाउस जालोर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक कोष से वर्ष 2023-24 में स्वीकृत 17 स्कूटियों का दिव्यांगजनों को वितरण किया। इस दौरान मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने दिव्यांगजनों का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के हितों के लिए सदैव तत्पर हैं। उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के साथ उनके प्रचार-प्रसार किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्कूटी मिलने से दिव्यांगजनों की राह आसान हो सकेगी। साथ ही स्वरोजगार में सहायता मिल सकेगी।

### गांव में घुसे पैंथर को किया ट्रेंकुलाइज जयपुर भेजा

**अलवर।** सिलीसेढ़ के पास स्थित सीराबास गांव में वन विभाग की टीम ने मंगलवार सुबह एक पैंथर को ट्रेंकुलाइज कर इलाज के लिए बायोलॉजिकल पार्क जयपुर भिजवाया गया। स्वस्थ होने पर पैंथर को फिर इसी क्षेत्र में छोड़ा जाएगा। ट्रेंकुलाइज करने से पहले पैंथर ने गांव के एक बाड़े में बंधी दो बकरियों का शिकार किया। आबादी क्षेत्र में पैंथर आने के कारण ग्रामीणों ने उसे घेर लिया, जिससे वह घायल हो गया। वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को बकरियों के शिकार का मुआवजा दिया जाएगा। वन विभाग के डीएफओ राजेंद्र हुड्डा ने बताया कि मंगलवार सुबह सीराबास में पैंथर आने की सूचना मिली थी, इस पर विभाग के चिकित्सक एवं वनकर्मियों की टीम को वहां भेजा गया। टीम ने पैंथर को ट्रेंकुलाइज कर इलाज के लिए बायोलॉजिकल पार्क भिजवाया। पैंथर बीमार और घायल लग रहा था। पैंथर की उम्र 12-13 साल है।

---

**अकबरपुर पुलिस ने तुरंत लिया एक्शन... सात युवकों को किया अरेस्ट, कार सहित आठ वाहन जब्त**

# सिलीसेढ़ झील में युवकों को रील्स और स्टंट करना पड़ा महंगा

बेधड़क | अलवर

जिले के प्रमुख पर्यटन केंद्र सिलीसेढ़ झील का पिछले दिनों रील्स और स्टंट बनाने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने 7 बाइक, 1 कार सहित 7 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। वीडियो में सभी युवक झील के अंदर अपने वाहन ले जाकर स्टंट करते हुए और वीडियो बनाते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कुछ युवकों ने सिलीसेढ़ झील में वीडियो बनाने के लिए बाइक और कार पानी में उतार दी।




सिलीसेढ़ झील एक पर्यटन स्थल है, यहां इस तरह की गतिविधियों की अनुमति नहीं है। साथ ही झील में बड़ी संख्या में मगरमच्छ हैं, जिससे वीडियो बनाते समय किसी भी तरह की दुर्घटना हो सकती है।

### पुलिस ने इन्हें किया गिरफ्तार

इस मामले में कार्रवाई करते हुए अकबरपुर पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें गुरमेल (28), कृष्ण (23), योगेश (23), पुनीत (19), सचिन (27), शिवचरण (29) व उदय (18) शामिल हैं। इससे लोगों में भय रहेगा और वह आगे इस तरह की वीडियो बनाने के लिए अपनी जान जोखिमी नहीं डालेंगे। पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के उल्लंघन के चलते युवकों के पास से 7 बाइक व एक कार को भी जब्त किया है।

### जहां बना रहे थे वीडियो वहां मगरमच्छ का डेरा

सिलीसेढ़ झील में वर्तमान में करीब 19 फीट पानी है। सिलीसेढ़ में आने वाले पर्यटकों को बोटिंग का आनंद भी मिलता है, जहां पर्यटकों को बोटिंग कराई जाती है, वहां मगरमच्छ की संख्या काफी कम है। वीडियो में युवक दूसरी तरफ पानी में वीडियो बनाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जहां बड़ी संख्या में मगरमच्छ हैं। दोपहर के समय मगरमच्छ पानी से बाहर निकाल कर धूप सेकते हैं। ऐसे में जान को खतरा हो सकता है।



---

**जोधपुर में नगर निगम के विरोध में उतरे व्यापारी**

# फायर ऑफिसर ने दुकानें सीज की, व्यापारियों ने बाजार किए बंद

बेधड़क | जोधपुर

नगर निगम उत्तर और व्यापारियों के बीच लगातार किसी न किसी मामले को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। हाल ही में यूडी टैक्स को लेकर व्यापारियों ने नगर निगम की कार्रवाई और नोटिस को लेकर विरोध जताया था। मंगलवार को एक बार फिर नई सड़क के व्यापारी और नगर निगम के कर्मचारी आमने-सामने हो गए। नगर निगम ने सभी दुकानों में फायर सेफ्टी के उपकरण लगाने की अनिवार्यता लागू कर दी।

जोधपुर शहर में बढ़ रहे आगजनी के हादसों को रोकने के लिए नगर निगम ने बिना फायर सिस्टम वाली दुकानों पर कार्रवाई शुरू की है। इसके तहत मंगलवार को नगर निगम उत्तर की एक टीम दमकल विभाग के अधिकारियों के साथ नई सड़क पर दुकानों की फायर एनओसी चेक करने पहुंची। कुछ दुकानों पर फायर एनओसी नहीं मिलने पर जब उन्हें सीज करने की कार्रवाई की तो दुकानदार इसके विरोध में उतर आए। उन्होंने निगम की इस कार्रवाई का विरोध जताया और अपनी दुकानें बंद कर




धरना-प्रदर्शन करने लगे। वे जमीन पर लेट गए।

नगर निगम के कर्मचारियों का कहना है कि कुछ समय पहले दुकानदारों को फायर सिस्टम लगवाने और फायर एनओसी लेने बाबत नोटिस दिया गया, लेकिन दुकानदारों ने नोटिस के बावजूद खानापूर्ति पूरी नहीं की। उसी को लेकर निगम जाब्ता यहां एनओसी चैक करने पहुंचा, लेकिन उसे दुकानदारों के विरोध का सामना करना पड़ा। दुकानदारों ने बताया कि फायर सेफ्टी उपकरण लगाने को लेकर कुछ समय पहले नगर निगम ने उन्हें नोटिस दिए थे। इसके लिए एक महीने का समय दिया गया था, लेकिन दुकानदारों का आरोप है कि एक महीना पूर्ण होने से पहले ही निगम वाले आ गए और दुकानें सीज करने लगे। इसका व्यापारियों ने विरोध जताया।

विरोध के दौरान नई सड़क पर दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए और हंगामा करने लगे। नई सड़क व्यापारी संघ के अध्यक्ष नवीन सोनी ने भी मौके पर पहुंच कर विरोध किया। सूचना मिलने पर पुलिस भी वहां पहुंची। बाद में दुकानदारों से समझाइश की गई।

### तीन बार दिया गया नोटिस, फिर भी नहीं लगाए उपकरण

नगर निगम उत्तर के आयुक्त अतुल प्रकाश का कहना है कि अग्निसुरक्षा मापदंडों की कड़ाई से पालना करवाई जा रही है। गुजरात में आग से भीषण हादसे के बाद राज्य सरकार से भी सख्ती के आदेश है। सभी दुकानों को तीन बार नोटिस दिया गया। अंतिम नोटिस जून में दिया गया। इस पर व्यापारियों ने कुछ दिन का समय मांगा वह भी दिया गया। इसके बावजूद सेफ्टी उपकरण नहीं लगाए जाने पर दुकानों को सीज के आदेश दिए गए।

---

**अलवर पुलिस का ऑपरेशन एंटीवायरस**

# 10 लाख की लूट का आरोपी अरेस्ट



बेधड़क | अलवर

जिले के बहतुकला थाना पुलिस की टीम ने कर्नाटक के कित्तूर थाना क्षेत्र में 10 लाख रुपए की लूट के मामले में वांछित चल रहे आरोपी भगवान सहाय जांगिड़ पुत्र रतनलाल निवासी जहाडु थाना बहतीकला को डिटेन कर कर्नाटक पुलिस को सौंप दिया है। इसके विरुद्ध राजस्थान एवं कर्नाटक में कुल 27 आपराधिक केस दर्ज हैं।

एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि पुलिस मुख्यालय एवं आईजी रेंज के निर्देश पर ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले बदमाशों के विरुद्ध जिले में ऑपरेशन एंटीवायरस चलाया जाकर साइबर फ्रॉड प्रभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। आरोपी भगवान सहाय जांगिड़ कर्नाटक के बेलगांव जिले के थाना कित्तूर में 10 लाख रुपए की लूट में वांछित चल रहा था। आरोपी को पकड़ने कर्नाटक से एक टीम अलवर आई थी। इनकी सहायता के लिए एसएचओ बहतुकला धीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर एएसआई पांचू राम, हेड कांस्टेबल ब्रह्मानंद, कांस्टेबल हनीफ व गजाधर की एक विशेष टीम को लगाया गया। तकनीकी सहायता से दोनों टीमों ने एक साथ दबिश देकर आरोपी भगवान सहाय को डिटेन किया। जिसे कर्नाटक से आई टीम को सौंप दिया गया है।

---

**प्रधानमंत्री मोदी को मेवाड़ और असम आने का दिया आमंत्रण**

# असम राज्यपाल ने पीएम मोदी से की मुलाकात



बेधड़क | उदयपुर

असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। राज्यपाल कटारिया और प्रधानमंत्री मोदी के बीच असम, मेवाड़ और राजस्थान के विभिन्न सम सामयिक मुद्दों पर मंथन हुआ।

राज्यपाल कटारिया और प्रधानमंत्री मोदी के बीच मेवाड़ के गौरवशाली इतिहास, कला, संस्कृति, परम्पराओं के साथ-साथ असम और राजस्थान की वर्तमान राजनीति पर भी गहनता से चर्चा हुई। राज्यपाल कटारिया ने पीएम मोदी को बताया कि वे 10 जुलाई को राजस्थान विधानसभा में पेश किए गए प्रदेश के बजट के दौरान विधानसभा में मौजूद रहे और बजट का एनालिसिस किया।

राज्यपाल ने असम के बाढ़ के हालातों पर पीएम को जानकारी दी, इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने असम में हाल की बाढ़ की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की और कटारिया को असम के लोगों के लिए अपने दृढ़ समर्थन और सहायता का आश्वासन दिया। राज्यपाल कटारिया ने प्रधानमंत्री मोदी को मेवाड़ और असम आने का आमंत्रण दिया।

---

**एक की हालत गंभीर, जोधपुर किया रेफर**

# भूमि विवाद में खूनी संघर्ष, 9 घायल

बेधड़क | जैसलमेर

सम थाना क्षेत्र के गांगा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो गुटों में खूनी संघर्ष हो गया। आपसी संघर्ष के चलते 9 लोग घायल हो गए, जिन्हें निजी वाहनों से शहर स्थित जवाहिर अस्पताल लाया गया, जहां एक की हालत गंभीर होने के चलते उसे जोधपुर रेफर कर दिया गया है। वहीं अन्य आठ का इलाज जैसलमेर के जवाहिर चिकित्सालय में जारी है। वहीं सूचना मिलने पर शहर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची।



पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस उपाधीक्षक सुगन पंवार ने बताया कि इस विवाद में 48 वर्षीय दिलबर खान पुत्र बंधे खां, 52 वर्षीय मठार पुत्र बंधे खां, 65 वर्षीय मीठे खां पुत्र बंधे खां, 35 वर्षीय राणा खां पुत्र बंधे खां, 65 वर्षीय हसन खां पुत्र भावर खां, 30 वर्षीय अकबर पुत्र हसन, 28 वर्षीय होते खां पुत्र मठार खां, 40 वर्षीय फोटे खां पुत्र भावर खां व 45 वर्षीय उम्मेदा पत्नी मठार खां घायल हो गए। वहीं गंभीर रूप से घायल 48 वर्षीय दिलबर खान पुत्र बंधे खां को जोधपुर रेफर किया गया है।

---

**कोर्ट में पुलिस पेश नहीं कर पाई प्रमाण**

# सिर तन से जुदा का नारा देने वाले खादिम समेत 6 को किया बरी

बेधड़क | अजमेर

सिर तन से जुदा के नारे लगाने और भड़काऊ भाषण देने के मामले में अजमेर पुलिस को करारा झटका लगा है। प्रकरण में मुख्य आरोपी खादिम सैयद गौहर चिश्ती समेत 6 आरोपियों को अपर जिला एवं सेशन न्यायालय ने मंगलवार को बरी कर दिया, जबकि 7वें आरोपी को पुलिस नहीं पकड़ पाई थी। लिहाजा उसे भगौड़ा घोषित किया गया था। पुलिस की जांच में तकनीकी खामियों का फायदा आरोपियों को मिला है। पुलिस घटना के वीडियो और उससे संबंधित उपकरणों का प्रमाणीकरण कोर्ट में पेश नहीं कर पाई।

अजमेर दरगाह के मुख्य दरवाजे निजाम गेट की सीढ़ियों पर 17 जून, 2023 को सिर तन से जुदा का नारा लगाने और भड़काऊ भाषण देने की घटना को वीडियो फुटेज वायरल हुआ था। बावजूद इसके, प्रकरण में आरोपी सैयद गौहर चिश्ती समेत 6 आरोपी मंगलवार को कोर्ट से बरी हो गए। प्रकरण में आरोपियों के बरी होने से पुलिस को न केवल करारा झटका लगा, बल्कि पुलिस के अनुसंधान पर भी सवाल उठ रहे हैं।

'स्मार्ट शहर की स्मार्ट' पुलिस के दावे और आरोप कोर्ट में आरोपी पक्ष की दलीलों के सामने टिक नहीं पाए, लिहाजा कोर्ट ने आरोपी पक्ष की ओर से दी गई दलीलों को मजबूत माना और प्रकरण से संबंधित सभी 6




आरोपियों को दोष मुक्त करते हुए बरी कर दिया।

अजमेर में 22 जून, 2023 को प्रकरण दरगाह थाने में दर्ज किया गया था। प्रकरण में मुख्य आरोपी सैयद गौहर चिश्ती, फकर जमाली, ताजीम सिद्दीकी, रियाज हसन और मोइन शेख को बरी किया गया है।

### हाई कोर्ट में करेंगे अपील

एडीजे संख्या 4 के विशिष्ट लोक अभियोजक गुलाम नजमी फारुकी ने बताया कि सिर तन से जुदा का नारा लगाने और भड़काऊ भाषण देने के प्रकरण में कोर्ट ने अपना निर्णय सुना दिया है। कोर्ट निर्णय के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की जाएगी। प्रकरण में सात आरोपी थे। इनमें से एक फरार है, जबकि 6 आरोपियों को कोर्ट ने बरी कर दिया है।

### यह था मामला

17 जून, 2023 को दोपहर 3 बजे कांस्टेबल नारायण जाट दरगाह के निजाम गेट पर ड्यूटी थी। इस दौरान कुछ खादिमों की ओर से निजाम गेट पर मौन जुलूस की शर्तों का उल्लंघन करते हुए लाउडस्पीकर पर भड़काऊ भाषण और सिर तन से जुदा के नारे लगाए गए। कांस्टेबल जय नारायण जाट ने इस मामले में दरगाह थाने में केस दर्ज करवाया। कांस्टेबल जयनारायण जाट ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि ढाई से तीन हजार लोगों की भीड़ उस वक्त दरगाह के सामने थी, जब भड़काऊ भाषण और सिर तन से जुदा के नारे लगाए जा रहे थे। भड़काऊ भाषण और नारे लगाने वालों में सैयद गौहर चिश्ती भी था।

### बाइक चुराने वाले गिरोह के तीन बदमाश अरेस्ट



**अजमेर।** अजमेर जिले के किशनगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरों के गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 10 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि इन चोरों ने किशनगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से 15 मोटरसाइकिल चोरी की वारदात करना कबूला है। गिरफ्तार आरोपियों में नंदकिशोर बावरी (20), जीतू खटीक (27) और मोटर साइकिलों की खरीद करने वाला किशनसिंह (18) शामिल हैं।

जिला निष्पादन समिति की बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा...

# शाला दर्पण रैंकिंग में हमेशा बना रहे जिले का प्रथम स्थान

बेधड़क | सीकर

जिला निष्पादन समिति की बैठक मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर परिडवाल ने सरकारी विद्यालयों में बने शौचालयों, चारदीवारी, खेल मैदान, आधार एवं जन आधार नामांकन की विस्तार से समीक्षा कर आधार एवं जनाधार के मध्य की त्रुटि को कार्य योजना बनाकर दूर करने के निर्देश दिए ताकि स्कूली बच्चों को समय पर डीबीटी के माध्यम से स्कॉलरशिप मिल सके। शिक्षा विभाग की शाला दर्पण रैंकिंग में जिले को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर परिडवाल ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की प्रशंसा की एवं कहा कि जिले की यह रैंक लगातार बनी रहनी चाहिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी जिला कलेक्टर कमर चौधरी के निर्देशन में चलाए जा रहे हरित सीकर अभियान के तहत अधिक से अधिक सघन वृक्षारोपण कर अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।



इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक लालचंद नहलिया, माध्यमिक शीशराम कुलहरी, जिला साक्षरता अधिकारी राकेश कुमार लाटा, एडीपीसी विक्रम सिंह, सहायक निदेशक राकेश गढ़वाल सहित सभी ब्लॉकों के सीबीईओ एवं शिक्षा विभाग के बैठक से जुड़े संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## मिड डे मील के संबंध में बैठक आयोजित

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने जिला स्तरीय राष्ट्रीय पोषाहार सहायता कार्यक्रम समिति (मिड डे मील) की बैठक ली । बैठक में उन्होंने कहा कि मिड डे मील एक सामाजिक कार्यक्रम है, संबंधित अधिकारी अपने उत्तरदायित्वों का गंभीरता से पालन करें। उन्होंने कहा कि मिड डे मील की गुणवत्ता को बनाए रखना उनकी जिम्मेदारी हैं। उन्होंने जिले में समस्त विद्यालयों में मिड डे मील से संबंधित समस्त रिकार्ड जिसमें मिड डे मील रजिस्टर, दैनिक उपस्थिति डायरी, अभिभावक रोस्टर निरीक्षण रजिस्टर, कैश बुक एवं मिड डे मील उपयोगिता प्रपत्र समान प्रक्रिया में संधारण करने के निर्देश दिए।

## मूमेंट रजिस्टर का हो संधारण

उन्होंने समस्त ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों से कहा कि वे अपने कार्यालय में मूमेंट रजिस्टर का संधारण करें। साथ ही वे विभाग की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने में विश्वास रखें। बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, मिड डे मील सघन निरीक्षण, रसोई गैस कनेक्शन, रसोई घर निर्माण सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई।

## मुख्यमंत्री पौधारोपण अभियान के तहत 205 पौधे रोपे

मुख्यमंत्री वृक्षारोपण अभियान एवं अमृत महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार को पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य भंवर सिंह ढुकिया व धर्मपाल महला के नेतृत्व में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घस्सू माधोपुर में पौधारोपण किया गया। ब्लॉक पौधारोपण प्रभारी सुरेश कुमार भास्कर ने बताया कि विद्यालय परिसर में 205 पौधें लगाकर सभी को पौधों की देखभाल की व्यक्तिगत जिम्मेदारी दी गई। प्रधानाचार्य भंवरसिंह ढूकिया ने बच्चों को निर्देशित किया कि समय—समय पर पौधों का अवलोकन किया जायेगा तथा जिंदा पौधों के आधार पर ही मूल्यांकन के दौरान अंकन किया जाएगा। धर्मपाल महला ने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि आप अपने परिजनों को भी पोधारोपरण के प्रेरित करें। इस मौके पर अशोक महल, स्वेता कुमारी, सरिता कुमारी, डिंपल चौधरी, जीवनराम व छात्रों ने सामुहिक रूप से पौधों लगाए।

Yuva स्टोरीज

# सरकारी अस्पतालों में शक्ति दिवस मनाया



बेधड़क | जयपुर

शहर के सरकारी अस्पतालों में मंगलवार को शक्ति दिवस मनाया गया। इसमें बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स का वितरण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि राजस्थान को अनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है।

अभियान के तहत बच्चों, महिलाओं व किशोरियों में अनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया गया ।

# FBOIOA का त्रैवार्षिक प्रतिनिधि सत्र सम्पन्न



बेधड़क | जयपुर

एफबीओआईओए (फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन) का 22वां त्रैवार्षिक प्रतिनिधि सत्र 15 से 16 जुलाई तक जयपुर में सम्पन्न हुआ। गुलाबी शहर के नाम से मशहूर जयपुर, अपने इतिहास, संस्कृति और वास्तुकला के लिए जाना जाता है, जो इस महत्वपूर्ण अवसर के लिए एक आदर्श पृष्ठभूमि प्रदान करता है। राष्ट्रीय राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य के बीच इस सत्र में 1000 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। प्रमुख अतिथियों में सांसद मुरारी लाल मीना बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य महाप्रबंधक राजेश इंगले, एआईबीओसी के अध्यक्ष बालचंद्र पीएम और महासचिव रूपम रॉय, एफबीओआईओए के महासचिव नीलेश पवार और अध्यक्ष नागेश्वर गलेटी, और राजस्थान इकाई के महासचिव महेश मीना शामिल हैं। अध्यक्ष नागेश्वर गलेटी का कहना है कि यह सत्र, ट्रेड यूनियन आंदोलन के सामने आने वाली चुनौतियों और अवसरों के बीच, एफबीओआईओए के सहयोग और एकता की भावना को मजबूत बनाने का कार्य करेगा।

# राहगीरों को शरबत पिला गर्मी से दिलाई राहत




बेधड़क | जयपुर

एनएसएस सेल और एस.एन. इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, निर्वाण यूनिवर्सिटी जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में हाईवे पर यात्रा करने वाले राहगीरों, ट्रक ड्राइवरों, और सड़क किनारे विक्रेताओं को राहत प्रदान करने के लिए शरबत कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वाइस चेयरमैन डॉ. आर. के. अरोड़ा द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से हम उन लोगों को ताजगी और आराम प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं जो गर्मी में यात्रा कर रहे हैं। यह हमारे सामाजिक उत्तरदायित्व का एक हिस्सा है। डॉ. संजय खन्ना और प्रो. रेणु नागर ने कहा कि यह कार्यक्रम एनएसएस और एसएन इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के छात्रों और स्वयंसेवकों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। इस अवसर पर एनएसएस और एसएन इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के कई छात्र और स्वयंसेवक उपस्थित थे। इन्होंने मिलकर ही राहगीरों को शरबत पिला उन्हें गर्मी से राहत दिलाई। इस पहल को राहगीरों से सराहा।

आयुर्वेद विवि के दीक्षांत समारोह में बोले राज्यपाल मिश्र

# विवि आयुर्वेद के विशिष्ट उत्पादों का कराए पेटेंट




बेधड़क | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि आयुर्वेद विश्वविद्यालय प्राचीन भारतीय आयुर्वेद चिकित्सकीय ज्ञान को पुस्तकों, शास्त्रों से बाहर लाने और आधुनिक आवश्यकताओं के अनुसार उसे विकसित करने की दृष्टि से कार्य करे।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय आयुर्वेद के भारतीय विशिष्ट उत्पादों के पेटेन्टीकरण में भी आगे बढ़े। मिश्र मंगलवार को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के सप्तम दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय आयुष पद्धतियां, योग, प्राणायाम आदि प्रकृति से जुड़ा जीवन बचाने का ज्ञान है। नवीन अनुसंधानों ने इसे प्रमाणित किया है कि आयुर्वेद असाध्य रोगों में भी बहुत कारगर है। उन्होंने कहा कि इस ज्ञान का उपयोग जीवन बचाने के लिए कैसे हो, इस पर विश्वविद्यालय कार्य करे। राज्यपाल ने कहा कि आयुर्वेद स्वास्थ्य से जुड़ा महती ज्ञान है। इसका उपयोग गरीब, जरूतमंदों की निःस्वार्स्थ भाव से सेवा में किया जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा आई.आई.टी. जोधपुर के साथ मिलकर आर्युटेक के माध्यम से आयुर्वेद के मनीषियों द्वारा बताए हुए यंत्रो के आधुनिकीकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

## 2 हजार से ज्यादा को मिली उपाधियां

राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, प्राकृतिक और योग संकाय के 2 हजार 416 विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की उपाधियां प्रदान की। उन्होंने विभिन्न संकायों की 10 छात्राओं को और एक विद्यार्थी को कुल 11 स्वर्ण पदक प्रदान किए। उन्होंने कहा कि बालिकाओं का शिक्षा में उत्कृष्टता का यह प्रदर्शन सराहनीय है। उन्होंने कहा कि एक बालिका यदि पढ़ती है तो दो परिवार शिक्षित हो जाते हैं। उन्होंने महिला शिक्षा को मातृ शक्ति का सम्मान बताया।

## युवा आयुर्वेद के ज्ञान को वर्तमान से जोड़े

मिश्र ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प की पूर्ति के लिए युवाओं को आगे आकर सहभागिता निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं से मेरी यह भी अपेक्षा है कि वे प्राचीन भारतीय आयुर्वेद के ज्ञान को आधुनिक परिप्रेक्ष्य में विकसित करते हुए भारत की इस महान विरासत के जरिए राष्ट्र को नई दिशाएं दें। उन्होंने आयुर्वेद शिक्षा से जुड़े युवाओं से अपनी श्रमशील, संयमशील, उद्यमशील एवं प्रबंधकीय क्षमता का भरपूर उपयोग करते हुए आयुष पद्धति की भारतीय दृष्टि के उदात्तचरित की उत्तरोतर वृद्धि कर पूरे विश्व का नेतृत्व किए जाने पर जोर दिया।

## सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स से मिलेगा आयुर्वेद को बढ़ावा

राज्यपाल मिश्र ने विश्वविद्यालय के पंचकर्म विभाग के अंतर्गत “अंतरराष्ट्रीय सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स” के निर्माण को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि इससे आयुर्वेद पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने भारत सरकार की आयुष वीजा नीति और आयुर्वेद के ज्ञान के वैश्विक प्रसार के लिए किए जा रहे कार्यों को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद न केवल चिकित्सा पद्धति है अपितु समग्र जीवन पद्धति है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति ने विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. वैद्य बनवारी लाल गौड़ ने शिक्षा की प्राचीन भारतीय परंपरा और आयुर्वेद की भारतीय चिकित्सा पद्धति के महत्व और भविष्य की संभावनाओं के आलोक में दीक्षांत भाषण दिया।

## नैचरोपैथ एवं योग महाविद्यालय भवन का लोकार्पण

उन्होंने डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. वैद्य बनवारी लाल गौड़ को विश्वविद्यालय डी. लिट. की मानद उपाधि प्रदान की। राज्यपाल कलराज मिश्र ने विश्वविद्यालय परिसर में नैचरापैथ एवं योग महाविद्यालय भवन का ऑनलाइन लोकार्पण भी किया। प्रारंभ में उन्होंने संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया।

NSUI ने दी विस घेराव की चेतावनी

# छात्रसंघ चुनाव समेत 12 मांगों को लेकर छात्रों का प्रदर्शन



बेधड़क | जयपुर

कॉलेज-यूनिवर्सिटी में नया सेशन शुरू होने के साथ ही छात्र नेता छात्रों में पकड़ मजबूत करने में लग गए हैं। इसी कड़ी में राजस्थान यूनिवर्सिटी की जर्जर इमारतों की मरम्मत के साथ-साथ छात्रसंघ चुनाव समेत 12 मांगों को लेकर मंगलवार को एनएसयूआई ने कैंपस में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान एनएसयूआई नेता मोहित यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी छात्रों ने यूनिवर्सिटी कैंपस में रैली निकाल कुलपति सचिवालय का घेराव किया। जहां छात्रों ने अगले 7 दिनों में मांग पूरी नहीं करने पर विधानसभा घेराव की चेतावनी दी है। छात्र नेता मोहित यादव ने कहा कि राजस्थान यूनिवर्सिटी के हालात बद से बदहाल हो चुके हैं। कैंपस की इमारतें जर्जर हो चुकी हैं। वहीं, गर्ल्स हॉस्टल में गार्ड तक की व्यवस्था नहीं है। इसके साथ ही आम छात्रों की जायज मांग को उठाने वाले छात्र संघ चुनाव भी सरकार बंद करने का मन बना चुकी है। इसको लेकर मंगलवार को आम छात्रों के साथ हमने यूनिवर्सिटी में गांधीवादी तरीके से रैली निकाल प्रदर्शन किया है। लेकिन अगर सरकार ने जल्द से जल्द हमारी इन मांगों को पूरा नहीं किया। तो हम विधानसभा घेराव कर सरकार के खिलाफ प्रदेशभर में बड़ा आंदोलन करेंगे। वहीं राजस्थान यूनिवर्सिटी कैंपस में यूनिवर्सिटी प्रशासन की लापरवाही से छात्र विकास यादव की मृत्यु हो गई। कैंपस और महारानी महिला छात्रावासों में 24 घंटे महिला गार्ड की सुविधा हो। कैंपस में जो भी बिजली के खम्भे, पावर बॉक्स, और वायर खुले पड़े हैं उनको बंद किया जाए। जिससे कि किसी भी प्रकार की घटना घटित ना हो सकें। राजस्थान में जल्दी से जल्दी छात्रसंघ चुनाव को बहाल किया जाए।

# एचपीसीएल के स्थापना दिवस पर किया पौधारोपण

बेधड़क | जयपुर

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) कंपनी के स्थापना दिवस पर स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत बिलोंची श्रीगोविंदपुरा पेट्रोल पम्प पर पौधारोपण किया। साथ ही कंपनी अधिकारी विकेश कुमार ने पेट्रोल पम्प पर आने वाले ग्राहकों को पेड़ भेंट किए। इस अवसर पर ग्राहकों का गुलाब का फूल देकर स्वागत किया गया। इस अवसर फॉरकाट मैनेजर बनवारी कालावत, मोनू यादव, जगदीश मुबाल सहित पेट्रोल पम्प कर्मचारी और ग्रामीणों उपस्थित थे।

शिविर | राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के पंचकर्म विभाग का आयोजन

# महीनेभर तक बस्ति कर्म शिविर का मिलेगा लाभ

बेधड़क | जयपुर

जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के पंचकर्म विभाग की ओर से आमजन के स्वास्थ्य के लिए एक माह तक लगने वाले निशुल्क बस्ति कर्म चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया गया। ऋतु शोधन कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्षा ऋतु में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के पंचकर्म विभाग में 16 जुलाई से 19 अगस्त तक निःशुल्क बस्ति कर्म चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रोफेसर अनीता शर्मा, पंचकर्म विभागाध्यक्ष प्रोफेसर गोपेश मंगल, प्रो. सी.आर यादव, प्रो. दुर्गावती, डॉ महेंद्र प्रसाद, शिविर कोऑर्डिनेटर डॉ अनुश्री, डॉ वैभव, डॉ विपिन, डॉ शिप्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के माध्यम से आमजन के स्वास्थ्य लाभ और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की जागरूकता के लिए समय-समय पर कई निशुल्क शिविर लगाए जाते हैं। आज गलत जीवन शैली और खान-पान के कारण कम उम्र में भी कई बीमारिया हो रही है, समय पर रोग निदान और स्वास्थ्य लाभ के लिए संस्थान में निःशुल्क शिविर लगाए जाते हैं।




## शरीर को मिलता है पोषण, बढ़ती है प्रतिरक्षा

आयुर्वेद में वर्षा ऋतु में बस्ति चिकित्सा को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इसका उद्देश्य शरीर मे वात दोष को संतुलित करना होता है, वर्षा ऋतु में अक्सर पाचन अग्नि कमजोर हो जाती है, जिससे विषाक्त पदार्थों के शरीर से बाहर नहीं निकलने के कारण उससे जुड़े कई रोग हो जाते हैं । बस्ती चिकित्सा शरीर में से विषाक्त पदार्थों को निकालने और पाचन तंत्र को मजबूत करने में सहायक है। यह शरीर को पोषण प्रदान करने के साथ प्रतिरक्षा को बढ़ाता है, जो कई बीमारियों से शरीर की रक्षा करती है।

## आयुर्वेद की प्रमुख पंचकर्म है चिकित्सा

पंचकर्म विभागाध्यक्ष प्रोफेसर गोपेश मंगल ने शिविर की जानकारी देते हुए बताया आमजन के स्वास्थ्य के लिए बस्ति चिकित्सा शिविर 16 जुलाई से 19 अगस्त तक राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के पंचकर्म विभाग में निःशुल्क लगाया जा रहा है। बस्ति चिकित्सा आयुर्वेद की एक प्रमुख पंचकर्म चिकित्सा है, जिसमें विभिन्न औषधियों और तेलों के माध्यम से माध्यम से चिकित्सा पद्धति की जाती है, जो शरीर को शुद्ध करने, विषाक्त पदार्थों को निकालने, और संपूर्ण स्वास्थ्य को सुधारने में सहायता करती है।

## यह मिलता है फायदा

बस्ति कर्म चिकित्सा वात दोष को संतुलित करती है, जिससे पाचन तंत्र में सुधार होता है और कब्ज, अपच, गैस जैसी समस्याएं दूर होती हैं। इसके अलावा, यह जोड़ो के दर्द, मांसपेशियों, संधियों और सूजन के दर्द को कम करने में सहायक है। बस्ति चिकित्सा प्रजनन स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य साथ ही मानसिक तनाव, चिंता और अन्य मानसिक विकारों को कम करने में भी सहायक होती है। बस्ति चिकित्सा करने से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे व्यक्ति विभिन्न बीमारियों से सुरक्षित रहता है।

# सरसों के तेल में हो रहा मिलावट का खेल



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

इन दिनों खाने के तेलों खासकर सरसों के तेल में मिलावट के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। आए दिन इस तरह के समाचार देखने और सुनने को मिल रहे हैं। मिलावटी तेल की वजह से कई बार तो लोगों के बीमार होने और यहां तक कि मौत होने तक की घटना घट जाती है। सरसों के तेल में मिलावट की वजह से होने वाले रोगों को ड्रॉप्सी कहा जाता है। ड्रॉप्सी का पहला मामला सन 1877 में पश्चिम बंगाल में सामने आया था। हालांकि यह रोग उत्तर भारत में प्रचलित था, जहां सरसों के तेल का प्रमुख रूप से सेवन किया जाता है।

दक्षिण भारतीय राज्यों ने ड्रॉप्सी के किसी भी मामले की रिपोर्ट नहीं की, जो बड़े पैमाने पर मूंगफली या नारियल के तेल का सेवन करते हैं। देश के कुछ हिस्सों में साल 1998 में भी सरसों के तेल में मिलावट की घटनाएं सामने आई थीं। इस महामारी ने सरसों तेल की बिक्री को काफी हद तक प्रभावित किया। पिछले दो दशकों में कई अन्य तेल विशेष रूप से रिफाइंड ऑयल ने सरसों तेल के इस गैप को भरते हुए मार्केट में जबरदस्त फायदा उठाया है।

सरसों के तेल में आर्जीमोन तेल और दूसरे निम्न गुणवत्ता वाले तेलों की मिलावट की जाती है, जिससे इसकी शुद्धता, पौष्टिकता और गुणवत्ता खराब हो जाती है। आर्जीमोन तेल की पहचान प्राथमिक मिलावट के रूप में की गई, क्योंकि कुछ व्यावसायिक तेल के नमूनों और खुले नमूनों में इसकी सांद्रता कच्चे तेल की तुलना में लगभग आठ गुना अधिक थी। अरंडी के तेल को सरसों के तेल में दूसरा सबसे आम मिलावटखोर पाया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि अब 80 फीसदी सरसों तेल राइस ब्रान मिलाकर बनाया जा रहा है। धान की खेती पंजाब में अधिक होती है, इसलिए वहां से सस्ती कीमत पर राइस ब्रान के टैंकर लाए जाते हैं। सरसों तेल गाढ़ा होता है, इसलिए राइस ब्रान को गाढ़ा करने के लिए उसमें सरसों तेल के रंग का कलर और सुगंध लाने के लिए एसेंस मिलाया जाता है। लेबोरेटरी जांच के बिना इनकी पहचान नहीं हो पाती है। इसमें मिलाया जाने वाला कलर और एसेंस लोगों में कैंसर का कारण बनता है।

> *“काफी हद तक सरसों के तेल के बाजार का खेल विज्ञापन का भी है। कई कंपनियां शुद्ध और सात्विक विधि से तेल बनाकर बेचने का दावा करती हैं, जबकि यह दावा अधिकतर मामलों में झूठा निकलता है। वहीं कच्ची घानी के तेल का दावा भी जोर-शोर से किया जाता है, जो भी अधिकतर मामलों में संदिग्ध ही होता है।”*

आपको जानकर हैरानी होगी कि सरसों का तेल अमेरिका सहित कई देशों में प्रतिबंधित है। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अनुसार, सरसों के तेल में इरुसिक एसिड की मात्रा काफी अधिक होती है। यह एक प्रकार का फैटी एसिड है और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। यह ठीक से मेटाबोलाइज्ड नहीं होता है और मस्तिष्क की कोशिकाओं को भी नुकसान पहुंचाता है। इरुसिक एसिड कई मानसिक विकारों जैसे याददाश्त कमजोर होने से भी जुड़ा हुआ है। यह शरीर में वसा के संचय को भी बढ़ाता है। इन उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए अमेरिका, कनाडा और यूरोप ने सरसों के तेल के सेवन पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। असल में इरुसिक एसिड एक प्रकार का मोनोअनसैचुरेटेड ओमेगा-9 फैटी एसिड है, जो आमतौर पर सरसों के तेल, रेपसीड तेल और वॉलफ्लावर सीड ऑयल जैसे तेलों में पाया जाता है। अध्ययनों के अनुसार, इरुसिक एसिड के अधिक सेवन से कई संभावित स्वास्थ्य दुष्प्रभाव हो सकते हैं। इरुसिक एसिड के उच्च स्तर को मायोकार्डियल लिपिडोसिस के विकास से जोड़ा गया है। यह एक ऐसी स्थिति है, जिसमें हृदय की मांसपेशियों की कोशिकाओं में वसा जमा हो जाती है, जो हृदय के कार्य को खराब कर सकती है। इस एसिड के अत्यधिक सेवन से लिवर बढ़ सकता है और फैटी लिवर रोग विकसित हो सकता है। जानवरों पर किए गए अध्ययनों में इरुसिक एसिड के उच्च स्तर को विकास मंदता और कम वजन बढ़ने से जोड़ा गया है, जिससे मनुष्यों में वृद्धि और विकास पर इसके प्रभावों के बारे में चिंताएं बढ़ गई हैं। इरुसिक एसिड के उच्च स्तर जानवरों में प्रजनन स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। हालांकि मनुष्यों में इन प्रभावों को पूरी तरह से समझने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है। इस एसिड का अधिक सेवन करने से गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं हो सकती हैं, जिसमें दस्त, पेट में ऐंठन और मतली शामिल हैं। हालांकि अभी तक निर्णायक रूप से सिद्ध नहीं हुआ है, लेकिन लंबे समय तक इस एसिड के उच्च स्तर के सेवन के संभावित कैंसरजन्य प्रभावों के बारे में भी कुछ चिंताएं हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि पहले सरसों के तेल में धान की भूसी का तेल बहुतायत में मिलाया जाता था, लेकिन अब पाम ऑयल मिलाया जाने लगा है। पाम ऑयल सस्ता होने के कारण दुकानदार को अधिक मुनाफा होता है।

असल में आपको किसी भी तरह का तेल खरीदते समय बेहद सावधानी बरतने की जरूरत है। किसी भी कंपनी के दावों के झांसों में आकर तेल मत खरीदिए। किसी भी ब्रांड का तेल अधिक मात्रा में खरीदने से पहले थोड़ा सा लीजिए और स्वाद तथा गुणवत्ता जांचने के बाद ही अधिक मात्रा में खरीद कीजिए। तेल खरीदने से पहले सतर्कता बरतने से ही मिलावटी तेलों से बचा जा सकता है। मिलावटी तेल आपके परिवार के स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं, इसलिए चिंता करना जरूरी है। सस्ते के फेर में मत पड़िए, क्योंकि यह बाद में आपको बहुत महंगा पड़ेगा। अच्छा चुनिए, अच्छा खाइए। इस तरह आप खुद को और अपने परिवार को तेल में मिलावट के खेल से बचा पाएंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश

# अमेरिका के सशक्त लोकतंत्र में हिंसा



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

दुनिया के सबसे सफल माने जाने वाले लोकतंत्र में अराजकता का साम्राज्य में हिंसा हिलोरे मार रही है। अमेरिका के पेन्सिलवेनिया में 13 जुलाई 2024 शनिवार की सुबह 6:10 बजे पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चुनावी सभा अचानक गोलियों की आवाज से गूंज उठी। ट्रंप हमलावर के निशाने पर थे, बंदूक की गोली उनके दाएं कान को भेदती हुई निकल गई। गोली लगते हुए 78 वर्षीय ट्रंप झुक गए और तुरंत अपने आत्मबल की प्रेरणा से मुट्ठी लहलराते हुए खड़े हुए और बोले,'फाइट, फाइट' ! एक नेता की इतनी दिलेरी ने सभा में उपस्थित स्तब्ध रह गए मतदाताओं में जान फूंक दी और वे यूएस, यूएस के नारे लगाकर अपनी जिंदादिलि का परिचय देने लग गए। दुनिया के सबसे सशक्त लोकतंत्र माने जाने वाले अमेरिकियों ने ट्रंप के प्रति जो समवेत सहानुभूति जताई है, उससे कहा जा सकता है कि ट्रंप का चुनावी पलड़ा भारी होने जा रहा है। दरअसल वर्तमान में जितने भी लोकतांत्रिक देश हैं, वे संप्रदायिक वर्चस्व और हिंसा से ग्रस्त दिखाई दे रहे हैं। इसलिए इन देशों में नस्लीयता और स्थानीय जातीय वर्चस्व बढ़ रहा है। अतएव स्थानीय लोग बाहरी प्रवासियों से मुक्ति के उपाय भी तलाशने के लिए उग्र दिखाई दे रहे हैं। ट्रंप पर हमला इस आशय का कारण भी हो सकता है? हालांकि ट्रंप के हमलावर को सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल मार गिराया, इसलिए उसकी मंशा को अब जान पाना संभव नहीं रहा।

> *“अमेरिकी मीडिया ने अमेरिका में निर्मित हुए वर्तमान हालातों को समझते हुए ठीक ही कहा है कि 'यह भयावह क्षण है और देश के लोकतंत्र के समक्ष राजनीतिक हिंसा से उत्पन्न होने वाले खतरे की गंभीर चेतावनी है।' दरअसल अमेरिका में ये हालात दोनों दलों के प्रमुख नेताओं और उनके समर्थकों द्वारा नस्लभेद और हिंसा से जुड़े भड़काऊ बयान देने के कारण उत्पन्न हुए हैं।”*

दक्षिणपंथी ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रूथ सोशल' पर लिखा भी है कि 'भगवान ने ही वह सब होने से रोक लिया, जिसके बारे में सोचा भी नहीं था। ऐसे समय में यह अधिक महत्वपूर्ण है कि हम एकजुट रहें और अमेरिकियों के तौर पर अपना मूल चरित्र बनाए रखें। हम मजबूत और दृढ़ संकल्पित बने रहें और बुराई को न जीतने दें।' हम डरेंगे नहीं। मैं जुझारू बना रहूंगा। इस पोस्ट से स्पष्ट है कि ईश्वरवादी ट्रंप अमेरिकी लोगों के बुनियादी चरित्र को उकसा कर स्थानीय लोगों के वोट का ध्रुवीकरण कर रहे हैं। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि 'हत्या के इस प्रयास की हर किसी को निंदा करनी चाहिए। हम ऐसा नहीं होने देंगे। अमेरिका में इस तरह की हिंसा पहले कभी नहीं हुई और न ही यहां हिंसा को कोई जगह मिलने वाली है। अमेरिकी मीडिया ने अमेरिका में निर्मित हुए वर्तमान हालातों को समझते हुए ठीक ही कहा है कि 'यह भयावह क्षण है और देश के लोकतंत्र के समक्ष राजनीतिक हिंसा से उत्पन्न होने वाले खतरे की गंभीर चेतावनी है।' दरअसल अमेरिका में ये हालात दोनों दलों के प्रमुख नेताओं और उनके समर्थकों द्वारा नस्लभेद और हिंसा से जुड़े भड़काऊ बयान देने के कारण उत्पन्न हुए हैं। ट्रंप बंदूक लॉबी के समर्थक रहे है। सत्ता में आने के बाद बाइडेन प्रशासन ने बंदूक संस्कृति पर अंकुश लगाने के प्रावधान किए हुए हैं। ट्रंप ने इसी साल फरवरी में आयोजित एक रैली में वचन दिया था कि वे यदि राष्ट्रपति बनते हैं तो इस अंकुश को हटा देंगे।

हालांकि अमेरिका में राजनीतिक हिंसा कोई नई बात नहीं है। जब बाइडेन ट्रंप को हराकर चुनाव जीते थे तब 7 जनवरी 2021 को ट्रंप सर्मथकों ने अमेरिकी संसद में बाइडेन की जीत पर मोहर लगने के साथ यूएस कैपिटल में घुसकर हिंसक हमला बोल दिया था। अमेरिकी संसद के इतिहास में यह जो काला अध्याय जुड़ा था, उसी की यह प्रतिक्रिया स्वरूप की गई पुनरावृत्ति भी हो सकती है? अमेरिका में राष्ट्रतियों पर जानलेवा हमले भी कोई नई बात नहीं है। 14 अप्रैल 1865 को अमेरिका के पहले राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की हत्या कर दी गई थी। 2 जुलाई 1881 को राष्ट्रपति गारफील्ड के पदभार ग्रहण करने के छह माह बाद हत्या कर दी गई थी। 14 सितंबर 1901 को विलियम मैककिनले को न्यूयॉर्क में गोली मार दी गई थी। 22 नवंबर 1963 को जॉनएफ कैनेडी की डलास में हत्या कर दी गई थी और अब मैथ्यू सुरक्षा की सभी दीवारें तोड़ महज 120 मीटर दूरी से एक घर की छत से ट्रंप पर हमला बोलने में सफल हो गए। भाग्यवादी ट्रंप बाल-बाल बच गए, इसे वे ईश्वर की अनुकंपा बता रहे हैं। साफ है, अमेरिका में विचारों अथवा व्यक्तित्व की खूबियों की वनिस्वत बंदूक की गोलियों से अराजकता और दहशत फैलाने का सिलसिला इस देश के लोकतंत्र बनने के समय से ही चल रहा है।

डोनाल्ड ट्रंप पर ये हमला ऐसे समय हुआ है, जब मुकाबले में वे बाइडेन पर भारी पड़ते दिखाई देने लगे थे। इससे लगता है कि हमलावर उनकी जीत के पक्ष में नहीं था। परंतु अब ट्रंप के जिंदा बच जाने से उनकी जीत की संभावनाएं और प्रबल हो गई हैं। पॉली मार्केट के सर्वे में ट्रंप की जीत अब 70 प्रतिशत बताई जा रही है। अब ट्रंप को अपनी ही पार्टी में निक्की हेली और चेनी से भी रही सही चुनौती लगभग खत्म हो गई है। अब जो रिपब्लिकन पार्टी का अधिवेशन होने वाला है, उसमें ट्रंप को पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए आधिकारिक प्रत्याशी घोषित करने की उम्मीद बढ़ गई है। ऐसा होने के बाद ट्रंप को चुनाव खर्च के लिए धन खर्च करने की सीमा बढ़ जाएगी और उनके सर्मथकों की संख्या भी उनके ईद-गिंद मंडारने लगेगी। वस्तुतः अमेरिका का एक बड़ा समुदाय ट्रंप के हर अतिवादी निर्णय का प्रबल समर्थक दिखाई देगा। ट्रंप राष्ट्रवाद की धारणा को आगे बढ़ाने और मूल अमेरिकियों के हित साधने की पैरवी न केवल अपने पिछले कार्यकाल में करते रहे हैं, बल्कि कानून बनाकर उन्हें साधने का काम भी किया था। बावजूद वे आर्थिक विषमता की खाई को नहीं पाट पाए थे। आज अमेरिकी वासियों के हालात इतने बद्तर हैं कि पांच करोड़ से भी ज्यादा लोग खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे हैं। 31.5 करोड़ की आबादी वाले अमेरिका में हर छठा व्यक्ति और चैथा बच्चा भूखा है। बहरहाल खरबों के कारोबारी ट्रंप को इस चुनौती से यदि राष्ट्रपति बन जाते तो एक बार फिर जूझना होगा?

अमेरिका की कुल जनसंख्या 31.50 करोड़ है, इस आबादी की तुलना में उसका भू-क्षेत्र बहुत बड़ा, यानी 98,33,520 वर्ग किमी है। इतने बड़े भू-लोक के मालिक अमेरिका के साथ विडंबना यह भी रही है कि 15वीं शताब्दी तक इसकी कोई स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में पहचान नहीं थी।

कहा जाता है कि अमेरिका के इतिहास व अस्तित्व में दुनिया के प्रवासियों का बड़ा योगदान रहा है। साथ ही यहां एक बड़ा प्रश्न यह भी खड़ा हुआ कि अमेरिका महाद्वीप के जो रेड इंडियन नस्ल के मूल निवासी थे, वे हाशिये पर चले गए। गोया, मूल अमेरिकी तो वंचित रह गए, अलबत्ता विदेशी-प्रवासी प्रतिभावन किंतु चालाक अमेरिका के मालिक बन बैठे। इस विरोधाभास का मूल्यांकन करके ट्रंप अपने पूरे कार्यकाल में चिंतित दिखाई देते रहे हैं। नतीजतन अमेरिका-फर्स्ट की नीति को महत्व देते रहे, जिसने रंगभेदी मानसिकता को अराजकता में बदलने का काम किया। ट्रंप इसी साल नवंबर में फिर से राष्ट्रपति बनते हैं तो एक बार फिर अमेरिका में राष्ट्रवाद और अमेरिकी प्रथम का नारा बुलंद होता दिखाई देगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## व्यंग्य

# अखबार का महत्व चुन्नीलाल के लिए...



आशीष सकलेचा
व्यंग्यकार

अखबार का सभी के लिए अपना एक अलग-अलग ही महत्व होता है। कोई समय व्यतीत करने के लिए पढ़ाता है तो कोई अपना गुस्सा शांत करने के लिए और अपने चुन्नीलाल के लिए तो अखबार का एक और अलग ही महत्व है। वह सुबह-सुबह जब तक अखबार नही पढ़ता तब तक शौच के लिए नहीं जाता है। यह उसकी एक आदत सी बन गई है, इसलिए उसके लिए अखबार महत्वपूर्ण ही नहीं बल्कि अति महत्वपूर्ण जिस दिन अखबार की छुट्टी रहती या किसी कारण से अखबार नहीं आता तो चुन्नीलाल के शौच जाने की भी छुट्टी हो जाती है, परंतु उसका वायु प्रदूषण चालू हो जाता है। उसकी इस आदत के कारण घर वाले तो परेशान रहते ही थे साथ ही साथ कही बाहर जाने पर रिश्तेदार भी बहुत परेशान हो जाते है। एक बार चुन्नीलाल पत्नी के साथ अपनी बड़ी बहन से मिलने गांव गया। रात को विश्राम करने के बाद चुन्नीलाल सुबह - सुबह इधर-उधर चक्कर लगा रहा था तो बहन ने पुछा चुन्नी क्या बात है तू इतनी सुबह- सुबह इधर- उधर चक्कर क्यों लगा रहा है, कोई परेशानी है या तबीयत ठीक नहीं है। चुन्नीलाल कहने में जरा सकपका रहा था तो उनकी पत्नी ने कहा दीदी कोई बात नही है। वो क्या है की ये रोज कुछ देर टहलने के बाद ही शौच जाते हैं। भाभी की बात सुनकर चुन्नी की बहन ने कहा ठीक है। लगभग आधे घंटे बाद चुन्नीलाल की बहन कमरे में आई तो देखा की चुन्नी चक्कर ही लगा रहा है।

अब बहन से रहा नही गया, सख्त लहजे मे बोली सच- सच बता क्या बात है? तू मुझसे कुछ छुपा रहा है, जल्दी बाता क्या बात है। चुन्नीलाल ने अपनी पीड़ा बहन को बताई तो बहन जोर-जोर से हंसने लगी। हंसते- हंसते चुन्नीलाल की बहन यकायक चिंता मे पढ़ गई। चुन्नीलाल अपनी बहन से पूछा बहन अचानक क्या हो गया? आप हंसते- हंसते गुमसुम क्यों हो गई? बहन ने कहा चुन्नी हमारे यहां अखबार नहीं आता है। चुन्नी ने कहा कोई बात नही बहन आस- पास से ले आओ, यह बात सुनकर चुन्नीलाल की बहन जोर-जोर से फूट- फूटकर रोने लगी। बहन को रोता देख चुन्नीलाल घबरा गया कि उसने बहन से ऐसा क्या कहा जो वह इस तरह से रोने लगी। चुन्नीलाल ने बहन से रोने का कारण पूछा तो बहन ने कहा आस- पास वालों के यहां भी अखबार नहीं आता है। गांव में केवत पंचायत में ही अखबार आता है और पंचायत यहा से बहुत दूर है। चुन्नीलाल कुछ कहता उससे पहले जोर- जोर से रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी घबरा कर दौड़ा-दौड़ा चला आया और पूछने लगा क्या हुआ, कोई परेशानी है।

चुन्नीलाल की बहन ने पड़ोसी को सारी बात बताई। अब पड़ोसी भी चिंता मे पड़ गया की इस समस्या का हल कैसे करे? उधर शौच नहीं जाने के कारण चुन्नीलाल का बुरा हाल हो रहा था। पड़ोसी ने कहा आप लोग घबराइए मत, मैं कुछ न कुछ करता हूं। यह कहकर पड़ोसी अखबार की तलाश में पैदल पांच- छः किलोमीटर दूर पंचायत भवन इस उम्मीद से गया की वह कैसे भी सरपंच साहब से कुछ देर के लिए अखबार ले आएगा, पर वहां पहुंचते ही पड़ोसी की सारी उम्मीदों पर पानी फिर गया। पंचायत पर ताला लटका देख ताले की तरह उसका मुंह भी लटक गया। उसे याद आया कि आज तो इतवार है और छुट्टी है। वह उल्टे पैर वापस लौट ही रहा था कि रास्ते में उसकी नजर एक होटल पर पड़ी। वह एक उम्मीद की किरण के साथ उस होटल पर गया। उसने होटल मालिक से आज के अखबार के बारे में पूछा तो होटल मालिक ने कहा आज का तो नहीं पुराना है। "मरता क्या न करता" और वह पुराना अखबार लेकर ही चल पड़ा। पड़ोसी के हाथ में अखबार देखते ही चुन्नीलाल दौड़ा, पर अखबार लेने नहीं बल्कि शौचालय की ओर, क्योंकि अखबार देखने मात्र से ही उसको शौच जाने की हरारत होने लगी। शौचालय की ओर भाई को भागता देख बहन ने राहत की सांस ली। चुन्नीलाल भी अपने आपको बहुत हल्का महसूस कर रहा था। चुन्नीलाल ने बाहर आकर पड़ोसी को देखा पर वह तो इतने में नौ दो ग्यारह हो गया था। चुन्नीलाल की अखबार पढ़ने की चाह मन में ही रह गई पर... !


## नॉलेज कॉर्नर: बेहद चालाक स्वभाव और तेज दिमाग का है यह जीव

# विश्व में 305 नस्लें पाई जाती हैं खरगोश की!

पशु पालने का शौक लगभग सभी लोगों को होता है। हर व्यक्ति जीवों से प्रेम करता है, जीवों के प्रति दयाभाव रखता है। पालतु पशुओं की बात करें तो इनमें कुत्ता, बिल्ली, कछुआ, गाय तथा बकरी आते हैं। ऐसा ही एक प्यारा सा छोटा सा जीव है खरगोश। इसे घर में रखना शुभ माना जाता है। बचपन में हर बच्चे ने कछुए और खरगोश की कहानी तो सुनी होगी। यहीं से बच्चा खरगोश नामक जीव से वाकिफ हो जाता है। यह एक ऐसा जीव है जिसे घर में रखा जाए तो चहल-पहल बनी रहती है। इसलिए ज्यादातर लोग खरगोश पालना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक और जीव है जो हूबहू खरगोश की तरह दिखता है। इस जानवर का नाम खरहा है। हालांकि यह पालतू पशु नहीं है, यह खुले स्थानों में रहने वाला जीव है, जिसकी कुछ आदतें खरगोश की तरह ही है।

### खरगोश व खरहा

कई बार यह समझा जाता है कि ये दोनों एक ही जीव हैं। दरअसल खरगोश और खरहा दिखने में एक जैसे दिखाई देते हैं। लेकिन इन दोनों को बहुत अंतर पाए जाते हैं। जैसे खरगोश को जमीन के नीचे बिलों में रहना पसंद है, जबकि खरहा जमीन पर घास का घोंसला बनाकर रहते हैं। जन्म के समय खरगोश के बच्चे की आंखें बंद रहती हैं, काफी देर तक नहीं खुलती हैं और इनके शरीर पर बाल भी नहीं होते। लेकिन खरहे का बच्चा जन्म से ही देखने में समर्थ होता है तथा उनके शरीर पर बाल भी होते हैं। खरहे का आकार खरगोश से बड़ा होता है। इनके कान भी खरगोश से बड़े होते हैं। खरगोश झुंड में रहते हैं, जबकि खरहा अकेला रहना पसंद करते हैं। इन दोनों में



समान तथ्य यह है कि ये दोनों एक ही वंश के जीव हैं। खरगोश का दिल एक मिनट में 150 से 200 बार धड़कता है।

### अंटार्कटिका के अलावा सभी महाद्वीपों में मिलता है

खरगोश एक ऐसा प्राणी है जो, अंटार्कटिका के अलावा सभी महाद्वीपों में पाया जाता है। यह जंगलों, घास के मैदानों, मरुस्थलों तथा पानी वाले क्षेत्रों में बहुतायत में पाया जाता है। इन्हें समूह में रहना पसंद होता है। खरगोश एक छोटा स्तनधारी जीव है, जो कि खरहारूपी गण के खरहादृष्ट कुल का जीव है। पूरे विश्व में खरगोश की आठ प्रजातियां तथा 305 नस्लें पाई जाती हैं। यूरोपीय खरगोश को पालतू पशु के रूप में जाना जाता है। खरगोश की त्वचा से ऊन भी बनाया जाता है। इसकी खाल से अंगोरा नामक ऊन बनती है। इसकी उत्पत्ति यूरोप तथा अफ्रीका से हुई मानी जाती है।

### दिमाग में बना लेता है नक्शा

*खरगोश के बारे में कहा जाता है कि इसका दिमाग बहुत तेज होता है। यह अपने दिमाग में हर जगह का नक्शा बना लेता है। इसे कोई भी चीज इधर से उधर होना पसंद नहीं होता है। काले रंग का खरगोश पालने से घर में लक्ष्मी बनी रहती है व सफेद रंग का खरगोश घर में सुख, समृद्धि तथा शांति लेकर आता है।* कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
विकसित भारत, विकसित राजस्थान के ध्येय पथ पर निरंतर गतिशील... 'विकसित राजस्थान' की संकल्पना की सिद्धि हेतु समर्पित वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट को लेकर राजस्थान विधानसभा में आयोजित बजट सत्र की कार्यवाही में सम्मिलित हुआ। 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के संकल्प के अनुरूप प्रदेश सरकार राजस्थान के समग्र व सर्वांगीण विकास हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं।

### इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की बर्न मेमोरी की जांच के लिए SOP जारी, चुनाव आयोग ने दिए कई विकल्प

# जांच के लिए कोई भी EVM चुन सकते हैं हारे हुए असंतुष्ट प्रत्याशी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

हाल ही में हुए लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बाद ईवीएम में छेड़छाड़ की जांच के लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर आवेदन करने वाले असंतुष्ट उम्मीदवारों को चुनाव आयोग ने कई विकल्प दिए हैं। उम्मीदवार विधानसभा क्षेत्र के किसी भी मतदान केंद्र से ईवीएम को चुन सकते हैं। विकल्प में मॉक पोल और मॉक वीवीपैट पर्ची की गणना भी शामिल है। ज्ञात रहे कि चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की बर्न्ट मेमोरी/माइक्रोकंट्रोलर की जांच-सत्यापन के लिए लोकसभा के आठ और विधानसभा के तीन उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। चुनाव आयोग द्वारा मंगलवार को जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने वाले उम्मीदवारों को कई रैंडम टेस्ट चुनने का विकल्प दिया गया है। चुनाव आयोग ने कहा कि नियंत्रित वातावरण से आगे जाकर बर्न्ट मेमोरी की जांच और सत्यापन प्रक्रिया फर्मवेयर में किसी भी पूर्वाग्रह या छिपी हुई कार्यक्षमता की संभावना या आशंका को समाप्त करती है।

**अब कुल 11 असंतुष्ट उम्मीदवारों ने किया आवेदन**




### सुप्रीम कोर्ट ने दी सत्यापन की अनुमति

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में हेराफेरी के संदेह को सुप्रीम कोर्ट निराधार बता चुका है। सर्वोच्च अदाल ने 26 अप्रैल को पुरानी पेपर बैलेट प्रणाली को वापस लाने की मांग को खारिज कर दिया था। शीर्ष अदालत ने उसी समय चुनाव परिणामों में दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले उम्मीदवारों को चुनाव पैनल को शुल्क का भुगतान करके लिखित अनुरोध पर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच प्रतिशत ईवीएम में लगे माइक्रो-कंट्रोलर चिप्स के सत्यापन की अनुमति दी थी। चुनाव आयोग ने कहा कि पात्र उम्मीदवार विधानसभा क्षेत्र या निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्रों या मशीनों की क्रम संख्या का विकल्प दे सकते हैं। इससे यह सुनिश्चित होगा कि आवेदक की पसंद के अनुसार निर्वाचन क्षेत्र से ईवीएम को उठाया जाएगा और किसी विशेष मशीन को चुनने या छोड़ने में किसी तीसरे पक्ष या अधिकारियों की भागीदारी नहीं होगी।

### किसी भी केंद्र की यूनिट चुन सकता है आवेदक

विधानसभा क्षेत्र के किसी भी मतदान केंद्र से ईवीएम इकाइयों को मिलाने का विकल्प भी दिया गया है। अगर कोई आवेदक उम्मीदवार किसी विशेष मतदान केंद्र की कोई विशिष्ट इकाई- बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट या वीवीपीएटी (वीवीपैट) को चुनता है तो वह उस मतदान केंद्र पर इस्तेमाल की गई उसी सेट की अन्य इकाइयों को चुनने को बाध्य नहीं है।

### ईवीएम में शामिल होती हैं ये यूनिट

एक बैलेट यूनिट, एक कंट्रोल यूनिट और एक वीवीपीएटी (वीवीपैट) या पेपर ट्रेल मशीन से एक ईवीएम बनती है। आवेदन अलग-अलग मतदान केंद्रों से बैलेट, कंट्रोल, वीवीपीएटी (वीवीपैट) मशीन का चयन कर एक सेट बना सकता है। सभी ईवीएम यूनिट्स का स्व-निदान किया जाएगा।

### कई इलेक्ट्रिक पैरामीटर्स की होगी जांच

बर्न मेमोरी की विश्वसनीयता समेत कई इलेक्ट्रिकल पैरामीटर्स की जांच की जाएगी। इसके बाद केवल स्व-निदान वाली यूनिट्स ही आगे की जांच और सत्यापन को जाएंगी। उम्मीदवार मॉक पोल के लिए किसी भी संख्या में वोट डालने के लिए कोई भी क्रम या पैटर्न चुन सकते हैं। हालांकि अधिकतम सीमा 1400 वोटों की होगी। वीवीपैट पर्चियों की गिनती आयोग द्वारा निर्धारित गिनती की प्रक्रिया के अनुसार की जाएगी।

### तिहाड़ में बंद BRS नेता कविता की तबीयत बिगड़ी



**नई दिल्ली।** बीआरस नेता और दिल्ली के चर्चित शराब घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद के कविता की मंगलवार को तबीयत खराब हो गई है। जिसके बाद उन्हें दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह जानकारी तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने उपलब्ध कराई है। के. कविता तेलंगाना के पूर्व सीएम चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। कविता को तेज बुखार की शिकायत पर अस्पताल ले जाया गया है, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। दिल्ली के कथित आबकारी नीति घोटाले में जांच एजेंसियों का आरोप है कि के कविता उस साउथ ग्रुप की हिस्सा थीं जिसने दिल्ली में शराब के ठेकों के लाइसेंस के लिए आप सरकार को घूस दी थी।

### पूर्व मंत्री एमआर विजयभास्कर गिरफ्तार

**चेन्नई।** अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता एवं तमिलनाडु के पूर्व परिवहन मंत्री एम आर विजयभास्कर को सीबी-सीआईडी पुलिस ने 100 करोड़ रुपए की जमीन हड़पने के आरोप में मंगलवार को केरल में गिरफ्तार किया। बाद में उन्हें केरल से करूर लाया गया और उनसे पूछताछ की जा रही है। विजयभास्कर पर जाली दस्तावेजों का उपयोग करके एक व्यवसाई की 22 एकड़ जमीन हड़पने का आरोप है। वह जिला सत्र न्यायालय द्वारा उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद फरार हो गए थे। ज्ञात रहे कि तमिलनाडु के करूर जिले के करूर शहर की पुलिस ने 9 जून को सब रजिस्ट्रार (प्रभारी) मोहम्मद अब्दुल कादर की तरफ से दर्ज कराई गई शिकायत पर सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिनमें से ज्यादातर लोग करूर के निवासी हैं। ये केस मूल रूप से करूर तालुक पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था।

### हरियाणा: अन्य पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में कर्नाटक को लेकर कांग्रेस पर वार

# कांग्रेस OBC आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे देगी: शाह

**एजेंसी** | महेंद्रगढ़ (हरियाणा)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कांग्रेस पर पिछड़ा वर्ग विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि अगर विपक्षी पार्टी हरियाणा में सत्ता में आती है, तो वह पिछड़ा वर्ग का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे देगी।

शाह मंगलवार को महेंद्रगढ़ में पिछड़ा वर्ग सम्मान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि कर्नाटक में इस पार्टी ने पिछड़े वर्गों से आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही पिछड़े वर्गों के खिलाफ रही है। 1957 में ओबीसी आरक्षण के लिए काका कालेलकर आयोग का गठन किया गया था, लेकिन कांग्रेस ने इसे सालों तक लागू नहीं किया।

1980 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने मंडल आयोग को ठंडे बस्ते में डाल दिया। 1990 में जब इसे पेश किया गया तो पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने दो घंटे 43 मिनट का भाषण देकर ओबीसी आरक्षण का विरोध किया। शाह ने कहा, मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम हरियाणा में मुसलमानों के लिए आरक्षण की अनुमति नहीं देंगे।



### भाजपा ने दिया पिछड़ा वर्ग को सम्मान

शाह ने कहा कि 2014 में जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने, तब उन्होंने कहा था कि मेरी ये सरकार दलितों, गरीबों और पिछड़ों की सरकार है। देश को पिछड़े वर्ग का पहला सशक्त प्रधानमंत्री देने का काम भाजपा ने किया है। उन्होंने कहा कि 71 में से 27 मंत्री पिछड़े वर्ग से देकर प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाणा और देश के ओबीसी वर्ग का सम्मान किया है। भाजपा ने ओबीसी कमीशन को संवैधानिक मान्यता देकर पिछड़ा वर्ग तो संवैधानिक अधिकार देने का काम पीएम मोदी के नेतृत्व में किया है।

### जातिवाद-भ्रष्टाचार पर कांग्रेस को लिया आड़े हाथ

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा को जातिवाद और भ्रष्टाचार के सिवाय कुछ नहीं दिया। कांग्रेस की सरकारें बनती थीं, एक सरकार आती थी तो भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंचता था, वहीं दूसरी सरकार आने पर गुंडागर्दी चरम सीमा पर पहुंच जाती थी।

### मैं पाई-पाई का हिसाब लेकर आया हूं

गृह मंत्री शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर कांग्रेस के 'हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान को लेकर निशाना साधा। उन्होंने हुड्डा को चुनौती देते हुए कहा कि मैं एक-एक पाई का हिसाब लेकर आया हूं, आंकड़ों के साथ मैदान में आएं। आपको 10 साल के कुशासन और हरियाणा को विकास से वंचित रखने का हिसाब देना होगा। ज्ञात रहे कि कांग्रेस ने सोमवार को 'हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान शुरू किया था। विपक्षी दल ने कहा कि अभियान के तहत वह बेरोजगारी और कानून-व्यवस्था सहित विभिन्न मोर्चों पर सत्तारूढ़ भाजपा को निशाना बनाएगी। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले इस तरह के अभियान को काफी अहम माना जा रहा है।

### एक पखवाड़े में हरियाणा का दूसरा दौरा

अमित शाह ने जोर देकर कहा कि भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ हरियाणा में सरकार बनाएगी। ज्ञात रहे कि हरियाणा में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। शाह का पिछले एक पखवाड़े में हरियाणा का यह दूसरा दौरा है। उन्होंने 29 जून को पंचकूला में पार्टी की विस्तारित राज्य कार्यकारिणी की बैठक के दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया था। शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार ने हाल में ओबीसी के क्रीमी लेयर के लिए वार्षिक आय सीमा 6 लाख रुपए से बढ़ाकर 8 लाख रुपए कर दी है। सैनी ने 24 जून को इस फैसले की घोषणा करते हुए कहा था कि इससे ओबीसी वर्ग को रोजगार में काफी लाभ मिलेगा।

### SKM नेताओं की घोषणा

## किसान शंभू बॉर्डर खुलते ही करेंगे दिल्ली कूच

■ देशभर में ट्रैक्टर मार्च 15 अगस्त को

**एजेंसी** | चंडीगढ़

हरियाणा-पंजाब सीमा पर डटे किसानों ने दिल्ली कूच करने की घोषणा की है। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के सदस्य जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि शंभू बॉर्डर खुलते ही किसान दिल्ली कूच करेंगे। उनके पास छह महीने का राशन है। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की है कि उनको जंतर मंतर या दिल्ली के रामलीला मैदान में शांति पूर्ण प्रदर्शन करने की अनुमति दी जानी चाहिए। डल्लेवाल ने बताया कि 15 अगस्त को देशभर में ट्रैक्टर मार्च निकालने का भी फैसला लिया गया है

डल्लेवाल ने अन्य किसान नेताओं के साथ मंगलवार को यहां प्रेसवार्ता में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि अगर रास्ते में कहीं पर भी सरकार की तरफ से किसानों को रोकने का प्रयास किया गया तो वे वहीं पर धरना शुरू कर देंगे, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि किसान ट्रैक्टर ट्रालियों के साथ यह कूच करेंगे, क्योंकि बारिश, गर्मी व सर्दी से बचने के लिए उनके पास एकमात्र विकल्प ट्राली ही होती है। इनमें रेडी टू मूव घर तैयार करवाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि कूच में थोड़ा समय लग सकता है। लेकिन दिल्ली कूच पर वह अटल है, क्योंकि इसी के लिए ही उन्होंने अपना आंदोलन शुरू किया था।



### किसानों का सम्मेलन 22 को

डल्लेवाल ने कहा कि 22 जुलाई को संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) एवं किसान मजदूर मोर्चा का साझा सम्मेलन नई दिल्ली में होगा। दोनों मोर्चों ने राहुल गांधी, अखिलेश यादव समेत विपक्ष के तमाम नेताओं से मुलाकात के लिए पत्र लिखा है और उनसे मुलाकात कर के संसद के आगामी सत्र में एमएसपी गारंटी कानून समेत किसानों की तमाम मांगों पर प्राइवेट बिल लाने की मांग की जाएगी।

### महापंचायत 15 सितंबर को

उन्होंने कहा कि 15 सितंबर को हरियाणा में जींद के पास राष्ट्रीय स्तर की किसान महापंचायत की जाएगी, जिसमें लाखों किसान शामिल होंगे। डल्लेवाल ने कहा किसानों की मांगें जब तक पूरी नहीं होंगी संघर्ष जारी रहेगा। किसानों की ओर कोई मंशा नहीं है।

### संसद के मानसून सत्र की तैयारियां

## सर्वदलीय बैठक 21 जुलाई को

■ राहुल पहली बार होंगे बैठक में शामिल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने संसद के अगले सोमवार से शुरू हो रहे मानसून सत्र से पहले 21 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

सत्र आरंभ होने से पहले सभी दलों के सदन के नेताओं की इस पारंपरिक बैठक में पहली बार नेता प्रतिपक्ष के रूप में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शामिल होंगे। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि पार्टी का कोई भी प्रतिनिधि बैठक में शामिल नहीं होगा, क्योंकि पार्टी 21 जुलाई को शहीद दिवस के रूप में मनाती है। ज्ञात रहे कि संसद का मॉनसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होने वाला है और यह 12 अगस्त तक प्रस्तावित है। बजट 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। तृणमूल कांग्रेस 21 जुलाई को उन 13 लोगों की याद में शहीद दिवस मनाती है, जो 1993 में राज्य सचिवालय राइटर्स बिल्डिंग तक मार्च निकाले जाने के दौरान कोलकाता पुलिस की ओर से की गई फायरिंग में मारे गए थे। ममता बनर्जी उस समय कांग्रेस की युवा शाखा की प्रदेश इकाई की अध्यक्ष थीं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के मार्गदर्शन में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल दल लोकसभा में जनता के मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाएंगे।



## बिभव कुमार के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार के खिलाफ तीस हजारी कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। इस दौरान बिभव कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश हुए। अदालत ने आरोप पत्र पर बिभव कुमार के खिलाफ समन जारी किया। अदालत ने दिल्ली पुलिस को बिभव कुमार को 30 जुलाई को पेश करने का निर्देश दिया।

### तेलंगाना में किसानों को सरकार का बड़ा तोहफा

## 1 लाख रुपए तक का कृषि ऋण माफ

**एजेंसी** | हैदराबाद

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने राज्य के किसानों को बड़ी खुशखबरी दी है। सीएम रेड्डी ने मंगलवार को किसानों को राहत देते हुए एक लाख रुपए तक के कृषि ऋण माफ करने की घोषणा की है। तेलंगाना सीएमओ के मुताबिक, 18 जुलाई की शाम तक किसानों के ऋण खातों में यह पैसा जमा हो जाएगा।

सीएमओ ने बताया कि मुख्यमंत्री ने इस मामले में बैंकों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि ऋण माफी के लिए जारी की गई राशि को दूसरे खातों में न भेजा जाए। सीएमओ के मुताबिक, अगर बैंकर्स ऋण माफी के लिए सरकार द्वारा जारी की गई राशि को दूसरे खातों में जमा करते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीएम ने इस दौरान सचिवालय में कलेक्टरों, पुलिस आयुक्तों और एसपी के साथ एक बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी को कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने याद दिलाया कि सरकारी कार्यक्रमों और योजनाओं को अंतिम लाभार्थियों तक पहुंचाना कलेक्टरों की जिम्मेदारी है। सभी जिला कलेक्टरों को फील्ड में जाने के आदेश दिए गए हैं। सीएम ने एक बार फिर से दोहराया कि राज्य के हर पात्र व्यक्ति तक छह गारंटी पहुंचाना सरकार का मिशन है।



**महाराष्ट्र की डायरी**

# आरक्षण पर बढ़ी तकरार... शरद पवार से मुलाकात...चढ़ा सियासी पारा

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र में इन दिनों सियासी पारा चढ़ा हुआ है। राज्य में ओबीसी व मराठा आरक्षण को लेकर जारी तकरार के बीच राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार में मंत्री और वरिष्ठ राकांपा (अजित पवार) नेता छगन भुजबल की सोमवार को शरद पवार से हुई मुलाकात से राजनीतिक खेमों में हलचल और तेज हो गई और सियासी मायाने निकालने जाने लगे।

हालांकि भुजबल ने स्पष्ट किया है कि वह ओबीसी आरक्षण के मुद्दे को लेकर ही वरिष्ठ नेता शरद पवार से मिलने पहुंचे थे। ज्ञात रहे कि राज्य में मराठा ओबीसी आरक्षण के लिए आंदोलन कर रहे हैं तो दूसरी ओर ओबीसी समुदाय अपने हितों की रक्षा करने के लिए आवाज उठा रहा है।

इससे दोनों समुदायों के बीच तल्खी बनी हुई है। वहीं, वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) प्रमुख प्रकाश अंबेडकर ने 25 जुलाई से राज्य में आरक्षण बचाओ यात्रा निकालने की घोषणा की है। अंबेडकर की घोषणा से एकनाथ शिंदे सरकार की मुश्किलें बढ़ने के आसार हैं।



### ओबीसी नेता की छवि को भुनाना चाहते हैं भुजबल!

शरद पवार और छगन भुजबल की मुलाकात को लेकर अजित पवार गुट में तरह-तरह की अटकलें शुरू हो गई हैं। कुछ नेताओं का कहना है छगन भुजबल पाला बदलकर अपनी ओबीसी नेता की छवि को भुनाना चाहते हैं। इस बीच, राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि छगन भुजबल ने शरद पवार से मिलकर आरक्षण का मुद्दा सुलझाने की बात कहकर यह दिखाने की कोशिश की है कि वह न सिर्फ राकांपा(अजित पवार) बल्कि प्रदेश के भी गैरविवादित नेता हैं। एक ऐसे वक्त में जब अजित पवार अपने चाचा से रिटायर होने और उन्हें नेतृत्व के लिए आगे आने देने की बात कह रहे हैं, भुजबल की शरद पवार से मुलाकात अजित पवार को खटक सकती है। अजित पवार ने भुजबल और शरद पवार की मुलाकात पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अजित पवार के गुट में यह भी चर्चा है कि भुजबल इस बात से नाराज हैं कि उन्हें वादे के मुताबिक लोकसभा टिकट क्यों नहीं दिया गया। इतना ही नहीं, राज्यसभा चुनाव में भी उन्हें पूछा नहीं गया।

### भुजबल को पार्टी में नहीं मिल रही तवज्जो

दूसरी तरफ सुप्रिया सुले ने कहा कि उन्हें जानकारी नहीं है कि क्या चल रहा है, लेकिन यह जरूर कहा कि राकांपा (अजित पवार) में भुजबल को तवज्जो नहीं मिल रही है। हालांकि सूत्रों का यह भी कहना है कि शरद पवार के लिए भुजबल को पार्टी में वापस लेना आसान नहीं होगा। इसके पीछे वजह यह है कि मराठा समुदाय भुजबल से नाराज है। असल में भुजबल मराठा समुदाय को ओबीसी में शामिल करने का विरोध कर रहे हैं।

### सुनेत्रा पवार पहुंची मोदीबाग तो गरमाई अटकलें



दूसरी ओर, राकांपा (अजित पवार) की राज्यसभा सदस्य सुनेत्रा पवार मंगलवार को पुणे के मोदीबाग इलाके में पहुंचने की खबरों से फिर सियासी अटकलें शुरू हो गई। इसी इलाके में राकांपा के संस्थापक शरद पवार का घर है। अटकलें यह भी शुरू हो गई थी कि उन्होंने शरद पवार से मुलाकात की है। हालांकि, बाद में राकांपा (अजित पवार) के पदाधिकारी सूरज चव्हाण ने कहा कि सुनेत्रा पवार उपमुख्यमंत्री अजित पवार की बहन से मिलने मोदीबाग गईं। मोदीबाग पुणे की सबसे प्रतिष्ठित आवासीय परियोजनाओं में से एक है। वहीं राज्य के उद्योग मंत्री और एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के नेता उदय सामंत ने कहा कि अगर सुनेत्रा पवार ने शरद पवार से मुलाकात की है, तो केवल वही इस पर टिप्पणी कर सकती हैं, लेकिन मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के भीतर सब कुछ ठीक है। गौरतलब है कि छगन भुजबल समेत कई राकांपा नेता शरद पवार का साथ छोड़कर अजित पवार के पाले में आ गए थे। इसके बाद शिंदे सरकार में उन्हें मंत्री पद भी दिया गया।

## जरूरी खबर

### केंद्र की मुहर सुप्रीम कोर्ट को मिले दो नए जज



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति के लिए दो नए जजों के नाम की अधिसूचना जारी कर दी है। इन नामों में जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह और मद्रास हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस आर महादेवन के नाम शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने 11 जुलाई को केंद्र से दोनों न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए सिफारिश की थी। इन दोनों के शपथ लेने के बाद सुप्रीम कोर्ट में निर्धारित जजों की 34 की संख्या भी पूरी हो जाएगी और कोर्ट अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर पाएगा। जस्टिस सिंह मूल रूप से मणिपुर से हैं। वह मणिपुर से सुप्रीम कोर्ट के पहले जज होंगे।

### पीएम मोदी का इस साल संयुक्त राष्ट्र में संबोधन संभव



**संयुक्त राष्ट्र।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन वर्ष बाद फिर संयुक्त राष्ट्र महसभा के वार्षिक उच्च स्तरीय सत्र को 26 सितंबर को संबोधित कर सकते हैं। महासभा के 79वें सत्र में यह उच्च स्तरीय चर्चा 24 से 30 सितंबर तक चलेगी। संयुक्त राष्ट्र ने सोमवार को महासभा की उच्च स्तरीय चर्चा में भाग लेने वाले वक्ताओं की सूची जारी की है। कार्यक्रम के अनुसार भारत के शासनाध्यक्ष न्यूयार्क में स्थानीय समयानुसार 26 सितंबर को अपराह्न तीन से छह बजे के बीच महासभा को संबोधित करेंगे, यानी भारतीय समयानुसार 27 सितंबर की रात 12:30 से 3:30 बजे के बीच।

### नीट पेपर लीक केस में दो और गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने मंगलवार को एक सिविल इंजीनियर समेत दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में पंकज कुमार सिंह उर्फ आदित्य और राजू सिंह हैं। इस मामले में 11 जुलाई को पटना के पास से पकड़े गए आरोपी राकेश रंजन उर्फ रॉकी की तरह सीबीआई ने इनमें से एक पंकज सिंह को भी मुख्य सूत्रधार बताया है। सीबीआई के एक अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में बोकारो के रहने वाले पंकज कुमार सिंह ने 2017 में एनआईटी जमशेदपुर से सिविल इंजीनियरिंग की है।

## बजट की तैयारी: हलवा सेरेमनी में पहुंची वित्त मंत्री



*नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित केंद्रीय बजट के लिए मंगलवार को पारंपरिक 'हलवा' सेरेमनी में शिरकत की। सीतारमण 23 जुलाई को लोकसभा में बजट पेश करेंगी। बजट सेरेमनी बजट की तैयारी के अंतिम चरण का प्रतीक होती है। इस दौरान हलवा तैयार किया जाता है और बजट को तैयार करने में शामिल वित्त मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को परोसा जाता है।*

### अब देश में ही बनाए जाएंगे 346 सैन्य उपकरण



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार रक्षा क्षेत्र में आयात कम करने और मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को 346 रक्षा उपकरणों वाली पांचवीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (पीआइएल) जारी की है। इन रक्षा उपकरणों को अब देश में ही बनाया जाएगा। इनमें 'रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण' सिस्टम और हथियार शामिल हैं। पीआइएल घरेलू रक्षा उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण पहल है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि निश्चित समय-सीमा के भीतर के आयात पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद इन वस्तुओं का उत्पादन रक्षा क्षेत्र की सरकारी कंपनियों (डीपीएसयू) द्वारा किया जाएगा। घरेलू रक्षा उद्योगों को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत पिछले तीन वर्षों में 12,300 से अधिक रक्षा उपकरणों का स्वदेशीकरण किया जा चुका है।

## आतंकवाद का बदला ट्रेंड: निशाने पर जम्मू

# पूर्व सैनिकों को आतंकी बनाकर J&K भेज रहा है पाकिस्तान!

एजेंसी | जम्मू

जम्मू-कश्मीर में अचानक आतंकी गतिविधियां बढ़ गई हैं। अब आतंकियों ने कश्मीर घाटी के बजाय जम्मू रीजन को टारगेट किया है। पहले पुंछ, पुलवामा, अनंतनाग जैसे इलाकों में ही आतंकवादी हमले होते थे, लेकिन इस साल नया ट्रेंड देखने को मिला है। आतंकवादियों ने अब जम्मू के उन इलाकों को निशाना बनाना शुरू किया है, जो अब तक सुरक्षित माने जाते थे।



वहीं, मीडिया में सुरक्षा एजेंसियों के उच्च पदस्थ सूत्रों के हवाले से आई कुछ खबरों में कहा गया है कि स्थानीय युवाओं की आतंकी संगठनों में भर्ती पूरी तरह बंद होने के बाद पाकिस्तान अपने पूर्व सैनिकों को आतंकी बनाकर भेज रहा है।, जम्मू इलाके में पिछले डेढ़ महीने के आतंकी हमलों में पाकिस्तानी सेना के पूर्व सैनिकों की संलिप्तता के स्पष्ट प्रमाण मिले हैं। ज्ञात रहे कि इस साल अब आतंकवादियों ने जम्मू क्षेत्र में कुल 11 हमले किए हैं। इन आतंकी हमलों में 12 सुरक्षाकर्मी शहीद हो चुके हैं, जबकि 10 नागरिकों ने जान गंवाई है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, लोकसभा चुनाव में कश्मीर घाटी में भारी मतदान के बाद पाकिस्तान हताशा में विधानसभा चुनाव के पहले माहौल खराब करने के लिए जम्मू इलाके में हमलों को अंजाम दे रहा है। सूत्रों के अनुसार कश्मीर घाटी की तरह जम्मू इलाके में आतंकियों की मदद करने वाले ओवर ग्राउंट वर्कर के नेटवर्क को ध्वस्त करने में सफलता नहीं मिली है। डोडा, किश्तवार, पुंछ, रजौरी, रियासी, कठुआ के दुर्गम भौगोलिक इलाकों में जैश- ए- मोहम्मद और लश्करे तैयबा ने ओवर ग्राउंड वर्कर का नेटवर्क खड़ा किया है जो अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा से आने वाले आतंकियों को कश्मीर घाटी तक पहुंचाने में मदद करते थे। सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि आतंकवादियों ने नए इलाकों को टारगेट करना शुरू किया है, जहां की स्टडी सुरक्षा बलों की कम है। इसके अलावा कश्मीर में सुरक्षा बलों की भारी तैनाती के चलते भी आतंकवादी अब वहां सफल नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में उन्होंने जम्मू के इलाकों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। यही नहीं, आतंकवादी जम्मू में हमले करके यह संदेश देना चाहते हैं कि उनकी जद में पूरा केंद्र शासित प्रदेश है।

### नजरे आए संदिग्ध, तलाशी अभियान शुरू

**राजौरी।** उप जिला नौशहरा में एलओसी के करीब ढन्नका क्षेत्र में तीन संदिग्ध देखे जाने की सूचना के बाद सेना, पुलिस व सीआरपीएफ के जवानों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। इस अभियान के तहत सुरक्षा बलों के जवान ड्रोन के साथ-साथ खोजी कुत्तों का भी उपयोग कर रहे है, लेकिन अभी तक संदिग्धों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। संदिग्ध देखे जाने के बाद पूरे क्षेत्र के लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार की सुबह पूर्व सैनिक ने तीन संदिग्ध देखे जिनके पास बड़े-बड़े बैग थे। उसी समय पुलिस व सेना को इस संबंध में सूचित किया। सूचना मिलते ही सेना , पुलिस व सीआरपीएफ के जवानों ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

## हाई कोर्ट ने ममता को दो टूक कहा....

# राज्यपाल बोस पर कोई अपमानजनक बयान न दें

एजेंसी | कोलकाता

कलकत्ता हाई कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ममता बनर्जी के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ अपमानजनक या गलत बयान देने को लेकर आपत्ति जताई और 14 अगस्त तक इस तरह की गलत और अपमानजनक बयान पर रोक लगाने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि स्वतंत्रता के अधिकार के नाम पर कोई संवैधानिक पद पर बैठे किसी व्यक्ति के खिलाफ ऐसे गलत शब्दों का प्रयोग नहीं कर सकता।

कलकत्ता हाई कोर्ट ने अंतरिम आदेश जारी करते हुए सीएम ममता बनर्जी और तीन अन्य को 14 अगस्त तक राज्यपाल बोस के खिलाफ कोई भी अपमानजनक या गलत बयान देने से रोक दिया। दरअसल, राज्यपाल आनंद बोस ने 28 जून को कलकत्ता हाई कोर्ट में मुख्यमंत्री के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। बोस



द्वारा दायर याचिका में ममता बनर्जी के अलावा तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों सायंतिका बनर्जी और रेयात हुसैन सरकार तथा पार्टी के नेता कुणाल घोष के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया गया था। 2 मई को राज्यपाल के घर में एक संविदा महिला कर्मचारी ने बोस पर उसके साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया था, जिसके बाद कोलकाता पुलिस ने जांच शुरू की थी। हाई कोर्ट ने टिप्पणी की कि आनंद बोस एक संवैधानिक प्राधिकारी हैं और वह सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग करके व्यक्तिगत हमलों का मुकाबला नहीं कर सकते। अदालत ने कहा कि स्वतंत्रता के अधिकार के नाम पर, कोई मानहानिकारक बयान नहीं दे सकता है।

## ड्रेगन की पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर नजर

# चीन ताजिकिस्तान में बना रहा गुप्त सैन्य ठिकाना

एजेंसी | नई दिल्ली

अपने विस्तारवादी मंसूबों पर अमल में जुटे चीन की नजर अब पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर है। सैटेलाइट इमेज से खुलासा हुआ है कि चीन मध्य एशियाई देश ताजिकिस्तान में गुप्त सैन्य ठिकाना बना रहा है।



यह क्षेत्र तकरीबन 13000 फीट की ऊंचाई पर है और पीओके से ज्यादा दूर नहीं है। ताजिकिस्तान तत्कालीन सोवियत संघ से अलग होकर स्वतंत्र देश बना है। यह चारों तरफ से भूमि से घिरा देश है। चीन का इरादा वहां आर्टिलरी जमा करने का है। हालांकि चीन ने इस तरह की मीडिया रिपोर्ट्स को पूरी तरह निराधार बताया है।

'द टेलीग्राफ' की एक रिपोर्ट में सैटेलाइट इमेजरी के हवाले से यह जानकारी दी गई है। मैक्सार टेक्नोलॉजीज द्वारा उपलब्ध कराई गई सैटेलाइट इमेजरी में सैन्य अड्डा, हेलीपैड, चारदीवारी, रोड और वॉच टॉवर के संकेत मिले हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जिस जगह पर चीन सैन्य अड्डा बना रहा है वह रणनीतिक रूप से काफी अहम है क्योंकि वह अफगानिस्तान सीमा से निकट है।

रक्षा जानकारों का कहना है कि भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और रूस की सीमा से सटे जिस इलाके में गुप्त सैन्य अड्डा बन रहा है,वह मध्य एशिया एशिया का एक अहम केंद्र है । चीन इसीलिए उस इलाके पर फोकस कर रहा है। संकट के समय में वहां से किसी भी देश में सेना भेजना चीन के लिए ना सिर्फ सरल और सहज होगा बल्कि रणनीतिक रूप से भी काफी अहम हो सकता है। इसके अलावा मध्य एशिया चीन की प्रमुख बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव की अहम कड़ी है। बीजिंग इसके जरिए विदेशों में अपना प्रभाव बढ़ाता रहा है।

## पूजा खेडकर पर बड़ी कार्रवाई

# ट्रेनिंग रद्द, अकादमी में वापस बुलाया

एजेंसी | मुंबई

विवादों में घिरी ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर को महाराष्ट्र सरकार के जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है। उत्तराखंड के मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एडमिनिस्ट्रेशन एकेडमी ने उन्हें तत्काल वापस बुलाने के लिए पत्र भी जारी किया है। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें 23 जुलाई तक लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी में रिपोर्ट करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि अकादमी ने आगे



की आवश्यक कार्रवाई के लिए उन्हें वापस बुलाने का फैसला किया है। महाराष्ट्र के अतिरिक्त मुख्य सचिव नितिन गद्रे द्वारा लिखे गए पत्र में कहा गया है कि अकादमी ने खेडकर के जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्थगित करने का फैसला किया है।

### पुणे कलेक्टर पर उत्पीड़न का आरोप

इस बीच, पूजा खेडकर ने पुणे कलेक्टर सुहास दिवासे पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। खेडकर ने थाने में इसकी शिकायत की है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार शाम को इसकी जानकारी दी है। 2023 बैच की IAS अधिकारी खेडकर ने यह आरोप तब लगाया है, जब उन्हें वाशिम में ट्रेनिंग से वापस बुला लिया गया है।

## सौ करोड़ रुपए से निर्मित शांति जिन आराधना भवन का भव्य उद्घाटन

# सूरीश्वर महाराज का अहमदाबाद में चातुर्मास मंगल प्रवेश

एजेंसी | जयपुर/अहमदाबाद

श्री शांति जिन संकुल में जिन मंदिर का खाद मुहूर्त आचार्य देवविजय योग तिलक सूरीश्वर महाराज की पावन प्रेरणा से हाड़ेचा(सांचौर)/मुंबई निवासी बाबूलाल मिश्रीमल भंसाली के परिवार के सौजन्य से सम्पन्न हुआ। इस उपलक्ष्य पर अहमदाबाद में गुरुदेव के चातुर्मास मंगल प्रवेश पर जिन शासन विख्यात रत्न उद्योग उद्योगपति बाबूलाल भंसाली की ओर से उपधान तप का सम्पूर्ण लाभ भी लिया गया। कार्यक्रम में सुरीश्वर महाराज के चातुर्मास मंगल प्रवेश एवं पावन निश्रा में भंसाली इंजीनियरिंग पॉलीमर्स लिमिटेड के चेयरमैन सुश्रावक बाबूलाल भंसाली परिवार

### ■ बाबूलाल मिश्रीमल भंसाली परिवार ने लिया उपधान तप का लाभ





द्वारा 100 करोड़ रुपए से निर्मित श्री शांति जिन आराधना भवन का पावन उद्घाटन साधु साध्वी, श्रावक श्राविकाएं यर्तुविध संघ की मौजूदगी और हर्षपूर्ण माहौल में किया किया। गुरुदेव के चातुर्मास का और श्री शांति जिन आराधना भवन का सम्पूर्ण लाभ भंसाली परिवार ने लिया। सभी जैन समाजबंधुओं ने तथा जिन शासन ने इस फैसले का अनुमोदन किया और भंसाली परिवार को बधाई प्रेषित की।

## बिहार की कानून व्यवस्था पर सियासत

# वीआईपी पार्टी प्रमुख सहनी के पिता की हत्या

**दरभंगा(बिहार)।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी (65) की सोमवार की रात दरभंगा के घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के जिरात स्थित घर में नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह उनका क्षतविक्षत शव बरामद हुआ।

पुलिस ने इस मामले में अब तक दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इस हत्या के बाद राज्य में सियासत गरमा गई है। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने दुख व्यक्त करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाइ करने और सहनी परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। प्रियंका गांधी ने बिहार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। उधर पुलिस मुख्यालय के एडीजी जितेंद्र सिंह गंगवार ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस को छह बजे सुबह जीतन सहनी की हत्या की सूचना मिली। प्राथमिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि उनकी हत्या रात में ही की गई होगी। घटनास्थल से कागजात और पैसे से भरी एक अलमीरा बरामद की गई है। जिसकी जांच जारी है। घर में तीन गिलास पाए गए हैं, उसमें किस तरह का पदार्थ है?

**भामाशाह टेक्नो हब: फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर ने किया स्टार्टअप सीरीज 1 का शुभारंभ**

# एक्सपर्ट्स ने प्रेरणादायक कहानियों से महिला उद्यमियों को किया मोटीवेट

**बेधड़क.जयपुर।** कुशल महिलाओं ने स्टार्टअप, इक्विटी, निवेश और व्यापार रणनीतियों के महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपने अनुभव और ज्ञान साझा किए। फिर उनसे सवाल-जवाब भी किए गए तो उन्होंने आत्मविश्वास के साथ उनकी जिज्ञासा शांत की। ये थीं फिक्की फ्लो जयपुर की महिलाएं, जिन्होंने चैप्टर 2024-25 की अध्यक्ष रघुश्री पोद्दार के नेतृत्व में जयपुर में भामाशाह टेक्नो हब में स्टार्टअप सीरीज 1 का शुभारंभ किया। इस पहल से इनका उद्देश्य पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने का है।



### इन्होंने शेयर किए अनुभव

शुभारंभ कार्यक्रम में श्वेता चौधरी और टीम की सलाहकार दिशा तोषनीवाल जैसी वक्ताओं ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इन कुशल महिलाओं ने स्टार्टअप्स, इक्विटी और निवेश के बारे में बात की। श्वेता चौधरी ने व्यवसाय शुरू करने और बढ़ाने की यात्रा पर अमूल्य जानकारी साझा की। उन्होंने उन महिला उद्यमियों की प्रेरणादायक कहानियों को भी साझा किया, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि उद्यमी न केवल सफल व्यवसाय बनाने में बल्कि आजीविका प्रदान करने और समुदायों को सुधारने में कितना महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं।



### कानूनी और निवेश पहलुओं को दर्शाया

दिशा तोषनीवाल का सत्र उद्यमशीलता के कानूनी और निवेश पहलुओं पर केंद्रित था। उन्होंने इक्विटी और निवेश की जटिलताओं को नेविगेट करने के लिए विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। वित्तपोषण सुरक्षित करने और कानूनी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए व्यावहारिक सलाह दी। कार्यक्रम में एक दर्शक वर्ग भी शामिल रहा, जिसमें कार्यकारी समिति के सदस्य, फ्लो सदस्य और अन्य प्रतिनिधि शामिल थे। उपस्थित लोगों ने सत्र को गहन रूप से ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया। चर्चाओं से प्राप्त ज्ञान ने कई प्रतिभागियों को अपने नए विचारों में अधिक निवेश करने और अपने उद्यमशीलता के ख्वाबों को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के बाद फ्लो टीम ने गेट टू गेदर किया। साथ ही ग्रुप फोटोग्राफी कराते हुए एंजॉय किया।

## कुष्ठ प्रभावितों का अधिवेशन कल



**बेधड़क. जयपुर।** सार्थक मानव कुष्ठ आश्रम की ओर से कुष्ठ प्रभावितों के सामाजिक जीवन के सशक्तीकरण के लिए एक दिवसीय अखिल भारतीय अधिवेशन 18 जुलाई सुबह 11:30 बजे राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया जाएगा। सार्थक मानव कुष्ठ आश्रम के अध्यक्ष सुरेश कॉल ने बताया, कि कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे और अध्यक्षता पूर्व राज्यपाल उत्तर प्रदेश राम नाईक करेंगे। अधिवेशन आयोजित करने का उद्देश्य कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों और उनके परिवारों की वर्तमान स्थिति जीवन यापन की स्थिति में सुधार तथा पुनर्वास गतिविधियों को बढ़ावा देना है। अधिवेशन में डॉ. डीआर मेहता-अध्यक्ष भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, आई सी श्रीवास्तव-संरक्षक सार्थक मानव कुष्ठ आश्रम, केएल जैन-अध्यक्ष राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स और डॉक्टर निकिता सारा-राष्ट्रीय अध्यक्ष कुष्ठ रोग मिशन विशिष्ट अतिथि होंगे। अधिवेशन में 18 राज्यों के लगभग 42 प्रतिनिधि भाग लेंगे। अधिवेशन में सिविल सोसायटी के प्रतिनिधि, चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े व्यक्ति अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए कुष्ठ प्रभावितों के सशक्तिकरण, समावेश, आजीविका सृजन, कुष्ठ रोग के प्रति व्याप्त भेदभाव को समाप्त करना जैसे विषयों पर विचार विमर्श करेंगे। साथ ही भविष्य की योजनाओं और कार्य योजना तैयार की जाएगी, जिससे कुष्ठ प्रभावितों का सर्वांगीण विकास संभव हो सके। आए हुए प्रतिनिधि भी अपने राज्यों की बात करेंगे।

## जयपुर में 10 स्थानों पर होंगे दिगंबर जैन संतों के चातुर्मास

**बेधड़क. जयपुर।** शहर में इस वर्ष अब तक 10 स्थानों पर दिगम्बर जैन संतों के संघों के चातुर्मास तय हुए हैं। 20 से 28 जुलाई के दौरान चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह होगें। जैन संत चातुर्मास में जीव हिंसा से बचने के लिए चार माह तक एक स्थान पर रहकर त्याग तपस्या करते हुए अपने स्वयं की आत्मा के कल्याण के साथ जन कल्याण करते हैं। चातुर्मास के दौरान चार माह तक लगातार धर्म की गंगा बहती है। जैन मंदिरों व चातुर्मास स्थलों पर लगातार धार्मिक और सामाजिक सेवा की गतिविधियां होती हैं। इस साल 10 स्थानों पर दिगम्बर जैन संतों के चातुर्मास होगें जिनमें से मानसरोवर के वरुण पथ स्थित श्रीदिगम्बर जैन मंदिर में आचार्य शशांक सागर महाराज ससंघ का चातुर्मास होगा। चातुर्मास के लिए मंगल प्रवेश 25 जुलाई को होगा। चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह 28 जुलाई को होगा।

## विकास अग्रवाल को फैलोशिप

**बेधड़क. जयपुर।** भारतीय सेरेमिक टेबलवेयर उद्योग में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए क्ले क्राफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड डायरेक्टर विकास अग्रवाल को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ सेरेमिक्स के द्वारा प्रतिष्ठित फैलोशिप से सम्मानित किया गया। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ सेरेमिक्स पेशेवरों की सोसाइटी है, जो भारत में सेरेमिक विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग में आधुनिक अध्ययन व प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। संस्थान बैठकों, सेमिनारों व सम्मेलनों से सेरेमिक्स से संबंधित जानकारी व ज्ञान का प्रसार कर तथा सेरेमिक के पेशे में सक्षम लोगों को मेंबरशिप सर्टिफिकेट प्रदान करता है।

# City इवेंट्स

## डॉ. अमित को विशेष स्पीकर के रूप में इटली में किया इनवाइट



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के वरिष्ठ ज्वाइंट रिप्लेसमेंट और लिगामेंट सर्जन डॉ. अमित मीना को इटली में होने वाले यूरोपियन सोसायटी ऑफ स्पोर्ट्स ट्रॉमेटोलॉजी, नी सर्जरी और आर्थोस्कोपी के द्विवार्षिक सम्मेलन में बतौर फैकल्टी और स्पीकर के रूप में आमंत्रित किया गया है। दो साल में एक बार आयोजित होने वाली इस कॉन्फ्रेंस में यूरोपियन देशों के साथ एशिया पसिफिक व अमेरिका के सभी शीर्ष ऑर्थोपैडिक डॉक्टर सम्मलित होते हैं। साथ ही लेटेस्ट टेक्नोलॉजी और उच्च स्तरीय ऑर्थोपैडिक सर्जरी के पर ज्ञान साझा करते हैं। कॉन्फ्रेंस के दौरान डॉ. अमित मीना घुटने के रिप्लेसमेंट व लिगामेंट और स्पोर्ट्स इंजरी पर राय देंगे। साथ ही दुनिया भर से आए जॉइंट रिप्लेसमेंट और स्पोर्ट्स इंजरी डॉक्टर्स को जटिल सर्जरी को सफल बनाने की विधि बताएंगे। उन्होंने सफदरजंग हॉस्पिटल और एम्स दिल्ली के अलावा यूरोप और अमेरिका के संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। डॉ. मीना भारत की ओर से से एक मात्र ऑर्थोपेडिक डॉक्टर हैं जो आमंत्रित फैकल्टी के तौर पर हिस्सा लेंगे।

### जेकेके में मधुरम कार्यक्रम 19 से

**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र में 19-20 जुलाई को दो दिवसीय मधुरम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें साहित्यिक चर्चा, वादन और कथक की प्रस्तुति का समागम होगा। पहले दिन 'रीन्यूविंग सोलो कथक ट्रेडिशन' विषय पर संवाद प्रवाह होगा। कृष्णायन में पहले दिन दोपहर 12 बजे वाले सत्र में कथक गुरु प्रेरणा श्रीमाली, सुरबहार वादक डॉ. अश्विन दलवी विचार रखेंगे। वरिष्ठ कला समीक्षक डॉ. सुरेश कुमार व्यास मॉडरेटर रहेंगे। शाम 6:30 बजे रंगायन में 'रागा कनेक्ट्स टू स्पिरिचुअलिटी' परफॉर्मेंस होगी, जिसमें संदीप सोनी की बांसुरी और किशन कथक के सितार वादन की जुगलबंदी सुनने को मिलेगी। शाम 7:30 बजे रंगायन में डॉ. अश्विन दलवी की सुरबहार वादन प्रस्तुति होगी।


### राहुल द्विवेदी चेयरमैन नियुक्त

**बेधड़क. जयपुर।** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद के सचिव अविनाश सिंह ने परिषद के सभी राज्यों के चेयरमैन सदस्यों के मतों के आधार पर चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई। इसमें राहुल द्विवेदी को पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद संपूर्ण भारत का चेयरमैन नियुक्त किया गया। इस मौके पर द्विवेदी ने कहा कि परिषद एक पेड़ मां के नाम अभियान को सभी राज्यों में आगे बढ़ाएगा। प्रकृति की महत्वता का हमारे जीवन में कितनी आवश्यक है को बताने के लिए संपूर्ण भारत में पर्यावरण योद्धा नाम से टीम गठित की जाएगी। जल्द ही पूरे देश में पर्यावरण योद्धा अभियान पोस्टर विमोचन कर अभियान की शुरुआत की जाएगी।



**समत्व सागर ससंघ के सानिध्य में पूजन व दीप अर्चना**

## ज्योति नगर चैत्यालय से आज निकलेगी नेमिनाथ की रथ यात्रा



**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मन्दिर में 5 दिवसीय महोत्सव के चौथे दिन मंगलवार को मुनि समत्व सागर ससंघ के सानिध्य में उत्तर की वेदी में विराजित भगवान महावीर की पूजन तथा वर्धमान स्तोत्र दीप अर्चना हुई।

प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि मुनिश्री द्वारा उच्चारित अभिषेक पाठ, रिद्धि मंत्र युक्त शान्तिधारा आदि के बाद दक्षिण की वेदी में विराजित भगवान पार्श्व नाथ के समक्ष श्रृद्धालुओं द्वारा संगीतमय पूजन की गई। धर्म सभा में चित्र अनावरण व दीप प्रज्वलन का सोभाग्य महावीर स्कूल अध्यक्ष उमराव सांघी मंत्री सुनील बख्शी, कमल बाबू जैन, सुरेंद्र पांड्या, विनोद जैन, राजेंद्र बिलाला द्वारा किया गया। मुनि संघ की पाद प्रक्षालन व शास्त्र भेंट का सौभाग्य देवेंद्र, मयूख, देवेश कासलीवाल परिवार को प्राप्त हुआ। मंगलाचरण शिखर चन्द जैन ने किया। धर्म सभा में मुनि समत्व सागरजी ने बारह भावना की एकत्व भावना को समझाया। साथ ही युवाओं की विशेष क्लास में संगीत की ध्वनि को व उसके मानसिक व शारीरिक प्रभाव के बारे में धर्म के साथ जोड़ते हुए समझाया।

शाम को मन्दिरजी में महावीर वंदन का वर्धमान स्तोत्र मण्डल दीप अर्चना का संगीतमय आयोजन किया गया। अब बुधवार को भव्य रथयात्रा का आयोजन ज्योति नगर चैत्यालय से शुरू होकर जनकपुरी मन्दिरजी तक किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाज बंधु एकत्रित होंगे।

**डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियर लीग 3 का आयोजन 26 से**

## ऑक्शन से खरीदे अपनी टीमों के लिए पसंदीदा डॉक्टर सिंगर



**बेधड़क | जयपुर**

डॉक्टर्स के लिए होने वाली गायन प्रतियोगिता एसबीआई डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियर लीग 3 के लिए मंगलवार को ऑक्शन हुआ। लीग में भाग लेनी वाली आठ टीमों के फ्रेंचाइजियों ने अपने पसंदीदा गायकों को ऑक्शन द्वारा अपनी टीम में लिया।

प्रतियोगिता के चैयरमेन डॉ संजीव गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक टीम को कुल एक करोड़ तीस लाख पॉइंट्स दिए गए थे, जिन्हें खर्च कर टीमों ने अपनी अपनी रणनीति के मुताबिक गायक खरीदे। लीग सचिव डॉ अनिल यादव ने बताया कि ऑक्शन में नए प्रयोग के तौर पर इस बार व्हील ऑफ फार्च्यून का भी इस्तेमाल किया गया, जिसे सभी ने काफी सराहा। लीग कॉर्डिनेटर डॉ. हरीश भारद्वाज व डॉ. रवींद्र सिसोदिया ने प्रमुख बोलियों की जानकारी देते हुए बताया कि टीम आंगन मेडिनोवा ने डॉ. संकल्प महर्षि को 43 लाख पॉइंट्स में खरीदा, एएलसी एस रोहिन रॉकर्स ने संदीप शर्मा को 23 लाख, न्यूरोकेअर-नवकार ने डॉ. अंजली जुनेजा को 48 लाख पॉइंट्स में खरीद कर अपनी टीम में शामिल किया। इसी तरह निविक हॉस्पिटल ने डॉ. मनीष चंदेल को 40 लाख, प्रशांत कैंसर केअर ने डॉ. विदिशा मूंदड़ा को 48 लाख, श्री कृष्णा हॉस्पिटल ने डॉ. गौरव यादव को 41 लाख, सीतादेवी हॉस्पिटल ने डॉ. भरत कड़ेल को 51 लाख व टीमएसआर के-गैस्ट्रोकेअर ने डॉ. बीडी सोनी को 33 लाख पॉइंट्स में खरीद कर अपनी टीम में शामिल किया।

**धार्मिक कार्यक्रम** | **राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर की जिला कमेटी का गठन**

# जयपुर में होगा परिचय सम्मेलन और भजन गायन प्रतियोगिता

**बेधड़क | जयपुर**

दिगंबर जैन युवा व महिला संगठनों की प्रदेश स्तरीय संस्था राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश, सम्भाग, जोन कमेटियों के पदाधिकारी व विशिष्ट सदस्य सहकार मार्ग स्थित प्रदेश कार्यालय पर एक मंच पर आए।

मीटिंग में समाज हित के कई निर्णय लिए गए। इस दौरान युवा महासभा की जयपुर जिला कार्यकारिणी के गठन का निर्णय लिया गया, जिसके संबंध में मीटिंग में सर्व सम्मति से पदाधिकारी मनोनीत किए गए।



### वृक्षारोपण और गायन होंगे खास

अधिकारियों ने निर्णय लिया कि वृक्षारोपण दुर्गापुरा स्कूल में किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक जोन में एक आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इसी तरह से समाज की प्रतिभाओं के लिए जैन भजन गायन प्रतियोगिता का निर्णय लिया गया। अगस्त में जैन समाज की गायन के क्षेत्र में प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराने के लिए पांचों सम्भागों में जैन भजन गायन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

### मंत्रों के जाप से भक्ति की बयार

बैठक में भाद्रपद मास में सामूहिक पूजा विधान का आयोजन करने, व्यक्तित्व विकास पाठ्यक्रम शिविर शुरु करने, साधर्मी विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन करने सहित कई निर्णय लिए गए। संचालन विनोद जैन ने किया। मीटिंग में बड़ी संख्या में जैन बन्धु शामिल हुए। सभी ने मिलकर मंत्रों का जाप किया तो भक्ति बयार चलाई। साथ ही युवक-युवतियों का वैवाहिक परिचय सम्मेलन कराने आदि पर चर्चा की गई।



मनुष्य के चरित्र का सबसे सही परिचय इससे मिलता है कि वह किन बातों पर हंसता है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

**PTI पर बैन लगाने के पाकिस्तान की शहबाज सरकार के फैसले पर बवाल... अमेरिका भी नाराज**

# अमेरिकी विदेश विभाग ने साफ कहा, 'ये चिंता की बात है...'

**एजेंसी । इस्लामाबाद**

पाकिस्तान सरकार ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पर बैन लगाने का ऐलान किया था। अब इस मामले पर अमेरिका ने बयान दिया है। अमेरिका का कहना है कि इमरान की पार्टी PTI पर बैन लगाने का फैसला एक जटिल राजनीतिक प्रक्रिया है, अगर किसी राजनीतिक दल पर प्रतिबंध लगाया जाता है तो यह काफी चिंताजनक होगा। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि हमारा मानना है कि यह पूरी तरह से जटिल राजनीतिक प्रक्रिया की शुरुआत है, लेकिन यकीनन किसी राजनीतिक दल पर बैन लगाना चिंताजनक होगा। उन्होंने फैसले के प्रति अमेरिका की नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि हम मानवाधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सहित संवैधानिक लोकतांत्रिक सिद्धांतों को शांतिपूर्ण ढंग से बनाए रखने का समर्थन करते हैं। पाक सूचना मंत्री तरार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि सरकार पीटीआई पर बैन लगाने जा रही है। इस संदर्भ में अब मामले को सुप्रीम कोर्ट के पास रेफर किया जाएगा। सूचना मंत्री ने कहा था कि अगर देश को सही दिशा में आगे बढ़ना है तो पीटीआई के अस्तित्व को खत्म करना जरूरी है।





### पीटीआई की राष्ट्रविरोधी गतिविधियां बताई वजह

तरार ने कहा था कि पीटीआई की राष्ट्रविरोधी गतिविधियों की वजह से उस पर बैन लगाने का फैसला किया गया है। नौ मई के दंगे, विदेशी फंडिंग और साइफर केस को ध्यान में रखते हुए हमारा मानना है कि ऐसे विश्वसनीय सबूत हैं, जिनके दम पर पीटीआई को प्रतिबंधित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इमरान खान ने अपनी राजनीतिक इच्छाओं के लिए देश के राजनयिक संबंधों को खराब करने की कोशिश की। उनके खिलाफ विदेशी फंडिंग का केस स्थापित हो चुका है, उन पर नौ मई के दंगों का केस सिद्ध हो चुका है। ऐसे भी और कई केस हैं, जिनके वह दोषी हैं। इन सभी सबूतों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है।

### पाकिस्तान में पहले भी लगता रहा है पार्टियों पर बैन

पाकिस्तान के 77 साल के इतिहास में पाकिस्तान आधे से अधिक समय तक अलग-अलग सैन्य शासनों के अधीन रहा। जब भी लोकतांत्रिक तरीके से चुनकर सरकार आई उसे पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के लिए संघर्ष करना पड़ा और आज तक पाकिस्तान का कोई भी प्रधानमंत्री अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया। पाकिस्तान में 1954 से लेकर अब तक पांच पार्टियों पर बैन लग चुका है। इनमें अवामी लीग से लेकर कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ पाकिस्तान, नेशनल अवामी पार्टी, जय सिंध कौमी महाज-अरिसर और तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान शामिल हैं।

### शहबाज ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारी

शरीफ सरकार के इस कदम को उसके सहयोगी दलों ने 'हताशा में उठाया गया' कदम बताया है। साथ ही संघीय प्रशासन में हड़बड़ाहट का संकेत बताया। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी(पीपीपी), अवामी नेशनल पार्टी, जमीयत उलेमा ए इस्लाम और जमात ए इस्लामी जैसे दलों ने भी इस फैसले की आलोचना की है। पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी नीत पीपीपी ने इस विवादित कदम से किनारा कर लिया है। पार्टी ने कहा कि खान की पार्टी पर प्रतिबंध लगाने से पहले उससे चर्चा नहीं की गई।

### अपनों ने भी छोड़ा साथ

केंद्र में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-नीत) सरकार में सहयोगी पीपीपी की सूचना सचिव शाजिया अता मारी ने कहा कि उनकी पार्टी पीटीआई पर प्रतिबंध को लेकर सरकार से चर्चा करेगी। पीएमएल-एन के पूर्व नेता एवं अवाम पाकिस्तान नाम से अपना दल बनाने वाल शाहिद खाकान अब्बासी ने भी इस कदम पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन संविधान को समझने में असफल रहा है और बिना सोचे समझे अनुच्छेद-6 को लागू किया है क्योंकि शासक स्वयं देशद्रोह के मुकदमों का सामना कर रहे हैं।

**PAK में टेरर अटैक... 10 आतंकी किए ढेर**

# 8 सैनिकों की गई जान

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में पाक आर्मी और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में 8 सैनिकों और 10 आतंकियों की जान चली गई। पाकिस्तान सेना ने मंगलवार को कहा कि अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक प्रमुख सैन्य छावनी पर 10 आतंकियों के एक समूह के हमला कर दिया।

बयान में कहा गया है कि सोमवार को 10 आतंकियों का एक समूह बन्नू छावनी में घुसने की कोशिश कर रहा था। ऐसे में पाक सेना ने कार्रवाई करते हुए सभी 10 आतंकियों को मार गिराया।

सुरक्षाबलों ने इस कदम को प्रभावी ढंग से विफल कर दिया। आतंकियों की इस कोशिश में विस्फोटक से भरी एक गाड़ी सेना की छावनी की दीवार से टकरा गई, जिससे दीवार का एक हिस्सा ढह गया और आसपास के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। सेना के बयान में कहा गया है कि आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान 8 सैनिकों की भी जान चली गई। सुरक्षाबलों ने समय रहे प्रभावी प्रतिक्रिया की और बड़ी तबाही को रोक दिया, जिससे बहुमूल्य निर्दोष लोगों की जान बच गई।



### अफगानिस्तान सरकार के सामने उठाया मुद्दा

पार्की आर्मी ने बताया कि यह आतंकी हाफिज गुल बहादुर समूह से जुड़े हुए थे। यह आतंकी समूह अफगानिस्तान से संचालित होता है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान से आने वाले आतंकियों को लेकर अपनी इस चिंता को अफगान सरकार के सामने उठाया है और उनसे आतंकियों पर रोक लगाने और ऐसे तत्वों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने को कहा है।

### मुख्यमंत्री ने की निंदा

पाकिस्तानी पक्ष इसके खिलाफ उचित समझे जाने वाले सभी आवश्यक कदम उठाएगा। पाकिस्तान आर्मी का कहना है कि ये खतरे अफगानिस्तान से निकल रहे हैं। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने हमले की निंदा की और कहा कि आतंक के खिलाफ युद्ध में पाकिस्तानी सेना का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, सुरक्षाबलों की समय पर कार्रवाई ने बन्नू छावनी को एक बड़ी तबाही से बचा लिया।

**अफगानिस्तान में बाढ़ और तूफान ने मचाई तबाही**

# 40 लोगों की मौत, 250 घायल

**एजेंसी** | काबुल

पूर्वी अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत में सोमवार दोपहर को आए तूफान और बाढ़ में कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई है। वहीं 250 से ज्यादा लोग इस आपदा से घायल हुए हैं।

नंगरहार के सूचना और संस्कृति के प्रांतीय निदेशक कुरैशी बैडलोन के अनुसार इस प्राकृतिक आपदा ने प्रांत की राजधानी जलालाबाद सुर्ख रोड जिले और पाकिस्तान की सीमा से लगे प्रांत के उनके पड़ोसी क्षेत्रों को बुरी तरह से प्रभावित किया है। स्थानीय अधिकारियों को अंदेशा है कि बाढ़ की भयावहता को देखते हुए मरने वालों की संख्या और ज्यादा बढ़ सकती है।



### ढाई माह में 400 मौतें हो चुकीं

नंगरहार के पड़ोसी कुनार प्रांत में भी सोमवार को ही आई बाढ़ ने पांच लोगों की जान ली है। ऐसे में सोमवार को एक ही दिन में बाढ़ से 40 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। मई से अब तक यानी करीब ढाई महीने में भारी बारिश और बाढ़ की वजह से 400 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। बड़ी तादाद में पशु भी बाढ़ में मरे हैं। लोगों की प्रोपर्टी का भी काफी ज्यादा नुकसान इस दौरान हुआ है।

### बाढ़ में बह गए हजारों घर

अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत के सुर्ख रोड जिले में अचानक आई बाढ़ की वजह से काफी ज्यादा नुकसान हुआ है। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेड क्रॉस एंड रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने कहा है कि अफगानिस्तान में घातक बाढ़ ने इमरजेंसी के हालात पैदा कर दिए हैं क्योंकि देश में पहले ही गंभीर मानवीय संकट है। संस्था ने बताया है कि 34 में से 25 प्रांत प्रभावित हैं। सिर्फ बगलान प्रांत में अब तक 200 से अधिक मौतें हुई हैं।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl